नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, रविवार 3 अक्टूबर 2021, शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-232 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वाकई पैसों की भूख बड़े से बड़े आदमी को छोटे से छोटा काम कराने पर मजबूर कर देती है। बेचारे बिग-बी को अब कमला पसंद बेचना पड़ रहा है। सलमान खान, शाहरूख खान और अजय देवगन भी सेहत के लिए खतरनाक पान मसाले बेच रहे है। यह ठीक है कि कोरोनाकाल के चलते बॉलीवुड का भट्टा बैठा हुआ है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि चार पैसा कमाने के लिए इन सितारों को ऐसी वाहियात चीजो का विज्ञापन करना पड़े। इन फिल्मी भांडो को अगर ज्यादा पैसे मिले तो ये पता नहीं और क्या-क्या लगे।

सूर्योदय

उदय : 6:23 एम

अस्त : 6:08 पीएम

जनसंख्या

विश्व : 1.38 बिलियन

भारत : 1397,276,707

बाजार

सेंसेक्स : 59,126

निफ्टी : 17,618

गोल्ड : 42534

चांदी : 59408

अण्डा दर : 4.59 रु.

दिवस

3 अक्टूबर यानी आज विश्व प्रकृति दिवस मनाया जाता है। हम अपने आसपास में कुछ परिवर्तन करके या कुछ अच्छी चीजों को अपने जीवन में अपनाकर पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा कर सकते है। स्वयं एवं नई पीढ़ी को प्रकृति, पर्यावरण, पानी व पेड़-पौधों का महत्व समझाएं।

दिल्ली में टिकी नजर, 30 से अधिक विधायकों ने डाला डेरा

सत्ता पक्ष दे रहा है सफाई, विपक्ष का पलटवार हुआ तेज, लगातार दिल्ली पहुंच रहे कांग्रेसी विधायक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस विधायकों का दिल्ली दौरा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते बुधवार से लेकर अब तक करीब 35 से 40 विधायक दिल्ली पहुंच चुके हैं। हालांकि कुछ विधायक इसे निजी दौरा बता रहे हैं। तो वहीं मरवाही के विधायक केके ध्रुव अपने वरिष्ठ विधायकों के बुलावे पर दिल्ली जाना बताया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अभी भी छत्तीसगढ़ में ढाई साल वाला फार्मूला शांत नहीं हुआ है। दोबारा इतनी बड़ी संख्या में विधायकों का दिल्ली पहुंचना शक्ति प्रदर्शन 2.0 माना जा रहा है। बता दें पिछले महीने भी 45 से अधिक विधायक दिल्ली पहुंच कर शक्ति प्रदर्शन कर चुके हैं। पंजाब कांग्रेस में घमासान अभी भी शांत नहीं हो पाया। इस बीच छत्तीसगढ़ में कुर्सी दौड़ और तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस विधायकों का एक बड़ा दल दिल्ली में मौजूद होने से प्रदेश की राजनीति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आलाकमान ने नहीं दिया वक्त

पिछले चार दिनों से छत्तीसगढ़ के 10 से अधिक कांग्रेसी विधायक दिल्ली में जमे हैं। वहीं शुक्रवार व शनिवार को भी विधायक दिल्ली पहुंच गए, जिससे इनकी संख्या अब 30 से अधिक हो गई है। पहले ही दिल्ली पहुंचे विधायकों ने आलाकमान से मिलने की पूरी कोशिश की, लेकिन पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल और महासचिव प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं, उनके साथ छत्तीसगढ़ के प्रभारी पीएल पुनिया भी हैं। इससे छग के कांग्रेसी विधायकों की मुलाकात नहीं हो पायी है। हालांकि महासचिव केसी वेणुगोपाल दिल्ली में ही है। बावजूद वे कांग्रेसी विधायकों से नहीं मिले। सूत्रों की माने तो आलाकमान ने इन विधायकों को वापस लौटने का कहा है। इसके बाद भी विधायक टस से मस नहीं हुए हैं।

सिंहदेव को आलाकमान पर भरोसा

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव इस उठापटक के बीच काफी गंभीर दिखाई दे रहे हैं। जब भी मीडिया उनसे इस पर सवाल करती है तो वे एक ही बात करते हैं कि सभी 70 विधायक एक राय है, जो हाईकमान कहेगा, सभी मानेंगे। उनके इस बयान से साफ है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा तो गर्म है। सिंहदेव ने तो यहां तक कह दिया कि ये किस्सा अब जगजाहिर हो चूका है। लेकिन उन्हें आज भी राष्ट्रीय नेतृत्व पर पूरा भरोसा है, वे अवसरवादी नहीं हैं।

छत्तीसगढ़ पंजाब नहीं हो सकता - भूपेश

सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश की राजनीति पर चुटीले अंदाज में मीडिया के सामने बयान दिया है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की तुलना पंजाब से की थी। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ पंजाब नहीं हो सकता। दोनों की समानता केवल अंकों से है और दूसरी कोई समानता नहीं है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने दिल्ली दौरे में गए विधायकों के सवाल पर कहा कि मीडिया इसके पीछे क्यों पड़ी है, विधायक आते-जाते रहते हैं, कोई राजनीतिक घटनाक्रम नहीं हुई है। दिल्ली गए हैं आ जाएंगे। हर व्यक्ति स्वतंत्र है कोई आदमी आए जाए कोई रोक टोक नहीं है।

प्रदेश की सत्ता पर भाजपा का निशाना

विपक्ष ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने तो प्रदेश में मुख्यमंत्री का न होना ही बता दिया। साथ ही कहा कि कांग्रेस में चल रही उठापटक अब पंजाब जैसे हो गई है। वहीं भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भी ट्वीट कर सीएम भूपेश बघेल से दिल्ली में सचिवालय खोलने की मांग कर दी है। चंद्राकर ने अपने ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री (छत्तीसगढ़ कांग्रेस) दिल्ली में भी छत्तीसगढ़ शासन (कांग्रेस) का एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जो नहीं मानते थे, वे भी गांधी को मानने लगे

इस दौरान गांधी जयंती पर बीजेपी को आयोजन को लेकर कहा कि गांधी जी को पूरे देश और दुनिया को लोग मान रहे। जो गांधी को नहीं मानते थे, वे लोग भी अब गांधी को मानने लगे हैं। इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है? उन्होंने आगे कहा कि गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है, मैंने विस में कहा था कि गांधी को अपनाना अच्छी बात है। अगर ऐसा है तो गोड़से को मुर्दाबाद बोलिए, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूपेश बघेल यूपी के पर्यवेक्षक नियुक्त

यूपी विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर कांग्रेस ने अपना पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। कांग्रेस ने यूपी चुनाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस बाबत पत्र जारी किया है। वह यूपी में चुनाव से जुड़े सभी काम देखेंगे। बता दें कि इसके पहले भूपेश बघेल को असम का पर्यवेक्षक बनाया गया था। हालांकि वहां कांग्रेस की सरकार नहीं बन पायी थी।

सीएम भूपेश भी जा सकते हैं दिल्ली

सूत्र बताते हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के दिल्ली वापस लौटने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी दिल्ली जा सकते हैं। राहुल गांधी इस समय केरल और प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। प्रियंका के साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया भी लखनऊ में ही हैं। ऐसे में दिल्ली में जुट रहे कांग्रेस विधायकों के पास फिलहाल दिल्ली भ्रमण के अलावा कोई काम नहीं है।

कोरोना से जंग में जीत के और करीब पहुंचा भारत

देश में टीकाकरण का आंकड़ा 90 करोड़ पार

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में भारत को एक और कामयाबी हाथ लगी है। एक ओर जहां कोरोना के मामले कम हो रहे हैं वहीं, टीकाकरण के मामले में भारत लगातार नया रिकॉर्ड कायम कर रहा है। भारत ने टीकाकरण के मामले में 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को जानकारी दी कि भारत में टीकाकरण का आंकड़ा 90 करोड़ पार कर गया। बता दें कि देश में 16 जनवरी से

दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था और यह अभियान अब भी तेजी से चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि भारत ने कोरोना वैक्सीनेशन में 90 करोड़ का लैंडमार्क पार कर लिया है। उन्होंने लिखा, 'शास्त्री जी ने 'जय जवान- जय किसान' का नारा दिया था औ श्रद्धेय अटल जी ने 'जय विज्ञान' जोड़ा और मोदी दी ने 'जय अनुसंधान' का नारा दिया। आज अनुसंधान का परिणाम यह कोरोना वैक्सीन है। बता दें कि भारत में अभी कोविशील्ड, कोवैक्सीन और स्पूतनिक-वी के टीके दिए जा रहे हैं और वह भी केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दिए जा रहे है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पद रहे या ना रहे, राहुल और प्रियंका का दूंगा साथ : सिद्धू

चंडीगढ़। पंजाब में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि उनके पास कोई पद रहे या ना रहे, वह राहुल और प्रियंका गांधी के साथ बने रहेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सिद्धू को मनाने की कोशिश भी की है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सिद्धू का इस्तीफा स्वीकार किया जाएगा या फिर वह इसे वापस लेंगे।

सिद्धू ने शनिवार को ट्वीट किया, ''गांधी जी और शास्त्री जी के सिद्धांतों का पालन करूंगा। पद रहे या ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जवानों से भरी बस 15 फीट गहरी खाई में गिरी, 12 घायल, 4 गंभीर

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के मैनपाट में शनिवार सुबह ट्रेनी पुलिस जवानों से भरी बस सड़क किनारे 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 12 जवान घायल हुए हैं। इनमें से 4 जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह सभी जवान आज मुंगेली में होने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, मैनपाट स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल से 38 ट्रेनी जवानों को लेकर बस मुंगेली जा रही थी। इसी दौरान अमगांव के पास मोड़ पर बेकाबू

होकर पलट गई और सड़क किनारे खाई में लुढ़कती चली गई। गनीमत रही कि नीचे जाकर बस पेड़ में फंस गई। राहगीरों ने हादसा होते देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जवानों को बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ट्रेनिंग स्कूल से 150 जवानों को सीएम के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दो ज्वेलरी शॉप और एक मकान से 1 करोड़ की चोरी

■ सिर्फ नकदी और सोने के गहने ले गए चोर, चांदी के जेवरों को छुआ तक नहीं

धमतरी/रायपुर। छग के धमतरी में शुक्रवार की रात चोरों ने एक करोड़ के गहने और नगदी पार कर दिए। चोरी की वारदात जिला मुख्यालय स्थित संकलेचा ज्वैलर्स और प्रवीण ज्वैलर्स में हुई। पुलिस को आशंका है कि दुकान के पीछे की ओर स्थित खंडहरनुमा मकान से चोर छत पर चढ़कर एक ज्वैलर्स के मकान में घुसे और वहां से सीढ़ी से नीचे बनी ज्वैलरी शॉप में पहुंच गए। वहां से चोरी करने के बाद एकदम बगल में मौजूद एक और ज्वैलरी शाप में भी चोरी करने घुसे, पर कामयाब नहीं हुए तो संचालक के मकान पर ही हाथ साफ कर दिया। दोनों ज्वैलरी शॉप के संचालक दुकान के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चोरों की फुटेज भी नहीं मिल सकी

दोनों ज्वैलर्स ने अपने मकानों में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगवाया है, लेकिन दुकानों में लगे हैं। ज्वेलरी शॉप के संचालकों ने पुलिस को बताया कि दुकान बंद करने के बाद वह कैमरे भी बंद कर देते थे। इसके चलते चोरों की फुटेज भी नहीं मिल सकी है। अब पुलिस आसपास कैमरों की फुटेज चेक कर रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

सुको ने सेना की 72 महिला अफसरों को सेवामुक्त करने पर लगाई अंतरिम रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन की 72 महिला अधिकारियों को सेवामुक्त करने पर अगली सुनवाई तक अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही स्थायी कमीशन नहीं देने पर अदालत ने केंद्र से कारण पूछा है। मामले में अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने यह आदेश महिला अधिकारियों की अवमानना याचिका पर दिया है। इससे पूर्व 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में ही इन 72 महिला अधिकारियों की अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया था कि दो हफ्ते में इन अधिकारियों की समस्याओं का समाधान निकालेगी।

धान पर घमासान : करनाल में खट्टर के घर किसानों का हल्ला बोल

चंडीगढ़ (ए.)। धान की खरीद की तारीख बढ़ाए जाने से नाराज पंजाब और हरियाणा के किसान सड़कों पर उतर गए हैं. प्रदर्शनकारी सैकड़ों किसानों ने सांसद एवं विधायकों के घर के घेराव के साथ ही करनाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आवास पर भी घेराबंदी करने की कोशिश की. प्रदर्शनकारी किसान इतने उग्र हो गए कि बैरिकेड्स पर ट्रैक्टर चढ़ा दिए. हालांकि, किसानों को काबू में करने के लिए तैनात सुरक्षाबल ने काबू में करने का प्रयास किया. इस दौरान पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। प्रदर्शनकारी किसानों ने मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंचकूला में बैरिकेड्स पर चढ़ाए ट्रैक्टर

प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, कई हिरासत में

पंचकूला में पुलिस ने किसानों पर लाठीचार्ज किया. साथ ही दर्जन से ज़्यादा किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शनकारी किसान पुलिसकर्मियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश कर रहे थे. वहीं, चंडीमंदिर टोल प्लाजा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर सरकार ने बदले नॉमिनी से जुड़े नियम

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने ड्यूटी के दौरान कर्मचारी की मृत्यु से जुड़े एक नियम में बड़ा बदलाव किया है। ये बदलाव मृतक कर्मचारी के परिजनों के लिए काफी अहम है। नए नियम के मुताबिक ड्यूटी पर मृत्यु के बाद कर्मचारी को मिलने वाले मुआवजे का भुगतान परिवार के उस सदस्य को किया जाएगा, जिन्हें नॉमिनी बनाया गया है। मतलब ये है कि जो नॉमिनी है, वही मुआवजे का हकदार होगा। अब तक इस मामले में नॉमिनी बनाने की बाध्यता नहीं थी।

नॉमिनी नहीं बनाया तो क्या होगा: अगर केंद्रीय कर्मचारी ने किसी को नॉमिनी नहीं बनाया गया है तो मुआवजे की रकम परिवार के सभी सदस्यों के बीच बराबर में बांट दिया जाएगा। कहने का मतलब ये है कि इस मुआवजे की रकम का कोई सदस्य हकदार नहीं होता है। आपको बता दें कि सरकारी कर्मचारी पेंशन, पीएफ या ग्रेच्युटी में नॉमिनी बनाते है। हालांकि, ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर जो मुआवजा मिलता है, उसके लिए नॉमिनी नहीं बनाते हैं। अब सरकार ने सर्कुलर जारी कर इस संबंध में दिशानिर्देश दिए हैं।

घोषणा थान खम्हरिया में पॉलीटेक्निक कॉलेज, बेमेतरा को ऑडिटोरियम सहित कई घोषणाएं

देवकर, भिंभौरी को तहसील तथा मारो को उप तहसील बनाने की घोषाणा

बेमेतरा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को बेमेतरा जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में गोबर से बिजली उत्पादन की परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार करते हुए गांवों को स्वावलंबी बनाने में जुटी है। अब छग के गांव गोबर से विद्युत उत्पादन के मामले में स्वावलंबी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब विद्युत उत्पादन का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिजली उत्पादन से दोगुना लाभ

मुख्यमंत्री ने बेमेतरा जिले के राखी गौठान, दुर्ग जिले के सिकोला तथा रायपुर जिले के बनचरौदा में गोबर से विद्युत उत्पादन के शुभारंभ अवसर पर वहां मौजूद स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं गौठान समितियों के सदस्यों से उनकी आयमूलक गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें अब गोबर से विद्युत उत्पादन की यूनिट शुरू होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन से जितना लाभ महिला समूहों को हो रहा है। बिजली उत्पादन शुरू होने से उन्हें दोगुना लाभ मिलने लगेगा।

503 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने बेमेतरा जिले में 503 करोड़ रूपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अनुदान सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण किया। बेमेतरा के देवकर, भिंभौरी को तहसील तथा मारो को उप तहसील बनाए जाने, थान खम्हरिया में पॉलीटेक्निक कॉलेज, साजा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, परपोड़ी एवं साजा के स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक केन्द्र में उन्नयन, देवरबीजा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रीलंका में भारत ने चीन को दिया बड़ा झटका

अब कोलंबो में समुद्री टर्मिनल बनाएगी भारतीय कंपनी

नई दिल्ली (ए.)। कोलंबो पोर्ट पर भारतीय कंपनी के स्वामित्व वाले समुद्री (डीप सी) टर्मिनल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बहुप्रतीक्षित योजना को श्रीलंका में सरकारी मंजूरी मिलने के बाद द श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी और भारत की निजी क्षेत्र की कंपनी के बीच इसके लिए करार हुआ है। श्रीलंका में 'आर्थिक कब्जे' की ओर बढ़ रहे चीन के लिए इसे बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

श्रीलंका के बंदरगाह सेक्टर में सबसे बड़ा विदेशी निवेश: इस परियोजना को श्रीलंका के बंदरगाह सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश माना जा रहा है। द श्रीलंका पोर्ट्स ने एक बयान में कहा है कि यह समझौता करीब 70 करोड़ डॉलर का है। अडाणी समूह इस बंदरगाह को श्रीलंका की कंपनी जॉन कील्स के साथ मिलकर बनाएगी। जॉन कील्स करीब 34 फीसदी और अडाणी समूह का 51 फीसदी की भागीदार होगा।

भारतीय कंपनी का स्वामित्व रहेगा: नए बनने वाले कंटेनर जेटी (पोर्ट) का नाम कोलंबो वेस्ट इंटरनैशनल टर्मिनल रखा गया है। परियोजना के पहले चरण में 600 मीटर टर्मिनल बनाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

नीति आयोग द्वारा छग में ''मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान'' के सफल क्रियान्वयन की सराहना

■ ढाई साल में करीब डेढ़ लाख बच्चे कुपोषण मुक्त

■ मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का असर: कुपोषित बच्चों की संख्या में 32 प्रतिशत की आई कमी

रायपुर/नवप्रदेश। नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी ''मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान'' की विशेष रूप से सराहना की गई है। आयोग द्वारा ट्विट कर छत्तीसगढ़ में इसके सफल क्रियान्वयन और उपलब्धि को उल्लेखित कर बधाई दी गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की पहल पर छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती 2 अक्टूबर 2019 से शुरू हुए प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का अच्छा प्रतिसाद मिलने लगा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के साथ विभिन्न योजनाओं के एकीकृत प्लान और समन्वित प्रयास से बच्चों में कुपोषण दूर करने में बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश में जनवरी 2019 की स्थिति में चिन्हांकित कुपोषित बच्चों की संख्या 4 लाख 33 हजार 541 थी, इनमें से मई 2021 की स्थिति में लगभग एक तिहाई 32 प्रतिशत अर्थात एक लाख 40 हजार 556 बच्चे कुपोषण से मुक्त हो गए है। जो कुपोषण के खिलाफ शुरू की गई जंग में एक बड़ी उपलब्धि है। बहुत ही कम समय में ही प्रदेश में कुपोषण की दर में उल्लेखनीय कमी आई है, इसका श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व और उनकी दूरदर्शी सोच को जाता है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़ों में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की दर को देखते हुए प्रदेश को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करने अभियान की शुरूआत की। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-4 के अनुसार प्रदेश के 5 वर्ष से कम उम्र के 37.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषण और 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थे। इन आंकड़ों को देखे तो कुपोषित बच्चों में से अधिकांश आदिवासी और दूरस्थ वनांचल इलाकों के बच्चे थे।

राज्य सरकार ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और 'कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़' की संकल्पना के साथ महात्मा गांधी की 150वीं जयंती से पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत की। अभियान को सफल बनाने के लिए इसमें जन-समुदाय का भी सहयोग लिया गया।

नीरज को मिली छग एनएसयूआई की जिम्मेदारी

■ एआईसीसी ने जारी किया प्रदेश अध्यक्ष का नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई को नया अध्यक्ष मिल गया है। नीरज पांडे को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। एआईसीसी के महासचिव केसी वेणु गोपाल के दफ्तर से एक आदेश जारी कर दिया गया है।

पिछले कई दिनों से एनएसयूआई में अध्यक्ष के पद को लेकर काफी गहमागहमी चल रही थी। जिसके लिए एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा दिल्ली में अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के सम्पर्क में लगातार थे। दरअसल, नीरज पांडेय आकाश शर्मा के काफी करीबी हैं। आकाश शर्मा 7 वर्षों तक एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पर काबिज रहे। हालाकि इस पद के लिए कई दावेदारों ने अपना दम लगाया, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की ताज नीरज पांडे के सर ही बंधी।

इंटरव्यू के जरिए मिला नया प्रदेश अध्यक्ष

छत्तीसगढ़ में विभिन्न चुनावों की वजह से एनएसयूआई का चुनाव नहीं हो पाया था। इस बार इंटरव्यू के जरिए नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इंटरव्यू की प्रक्रिया 14 अगस्त को दिल्ली में पूरी हो गई थी। इसमें करीब 16 दावेदारों ने अपना इंटरव्यू दिया था। इसके आधार पर दावेदारों को परखने का काम भी किया गया।

ओबीसी लॉबिंग फेल

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के लिए शीर्ष नेतृत्व जातिगत और भौगोलिक समीकरण पर भी ध्यान दे रहे थे। लेकिन दो अक्टूबर को आये आदेश ने सबको हैरान कर दिया। उन दिनों प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में बड़ा नाम भावेश शुक्ला का था। वर्तमान में वे एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। इस बीच संसद में ओबीसी बिल पारित होने के बाद ओबीसी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग को लेकर लॉबिंग तेज हुई थी। इसमें चमन साहू का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था।

इसके अलावा आदिवासी वर्ग से भी एक नाम प्रमुखता से सामने आ रहा था हालांकि संगठन में काम करने का उनके पास बहुत ज्यादा अनुभव नहीं है। आखिरकार सब को मात देते हुए सामान्य वर्ग पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने विश्वास जताया और नीरज पांडेय की ताजपोशी की गई।

नीरज को है चुनौती

इस बार प्रदेश अध्यक्ष के लिए कई दावेदार थे, मगर आलाकमान ने नीरज पांडे को कमान सौंपी है। पिछले कुछ समय से एनएसयूआई में ब्राह्मणों को प्राथमिकता मिलती रही है, जिसमे विकास उपाध्याय, संजीव शुक्ला और आकाश शर्मा प्रदेश के नेता रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक एनएसयूआई में अब दूसरे समुदाय के नेता जो सालों से विंग में सक्रिय हैं वो नाराज हो गए हैं। इस नाराजगी के बीच नए अध्यक्ष के लिए काम करना मुश्किल माना जा रहा है। हालांकि नीरज पांडेय की मिलनसार छवि अपने साथियों की नाराजगी कितनी दूर कर पाती है ये तो समय ही बताएगा।

धान खरीदी के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्षों की बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में खरीफविपणन वर्ष 2021-22 के अंतर्गत धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू संचालन के संबंध में आज 01 अक्टूबर को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर में बैठक ली गई। इसमें अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर तथा विधायक सत्यनारायण शर्मा की उपस्थिति में समस्त जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्षों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में धान खरीदी के दौरान समितियों के उर्पाजन केन्द्रों की विसंगतियों के निवारण, भण्डारण सुरक्षा तथा उठाव आदि के संबंध में अध्यक्षों से सुझाव लिए गए। इसके आधार पर तैयार प्रतिवेदन को धान खरीदी के लिए गठित मंत्रिमंडलीय कमेटी के सदस्य कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे तथा वन मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा, दुर्ग बैंक के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, अंबिकापुर बैंक के अध्यक्ष रामदेव राम, बिलासपुर बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक एव अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कान्डे, अपेक्स बैंक डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, संवर्ग अधिकारी पंकज सोढ़ी एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैक रायपुर के सीईओ एसके जोशी उपस्थिति थे।

मुख्यमंत्री ने चाना संस्था द्वारा प्रदत्त 12 वेंटिलेटर स्वास्थ्य विभाग को सौंपे

कोविड-19 की सम्भावित तीसरी लहर के रोकथाम और नियंत्रण के लिए अप्रवासी भारतीय संगठन चाना ने वेन्टीलेटर्स किये दान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने रायपुर निवास स्थित औषधालय में आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका में बसे छत्तीसगढ़ के अप्रवासी भारतीयों के सामाजिक संगठन 'छत्तीसगढ़ एसोसिएशन फॉर नॉर्थ अमेरिका' (चाना) द्वारा प्रदत्त 12 नग मेडिट्रॉनिक्स वेन्टीलेटर्स स्वास्थ्य विभाग को सौंपे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के जिन जिलों में वेन्टिलेटर की जरूरत है, उन जिलों में ये वेन्टिलेटर्स आवश्यकता अनुसार भेजे जाएं। सीएम ने छत्तीसगढ़ को वेन्टिलेटर्स उपलब्ध कराने के लिए चाना के पदाधिकारियों और सदस्यों को धन्यवाद दिया।

सीएम भूपेश बघेल ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान चाना के सदस्यों से मुलाकात की थी। संगठन के सदस्यों द्वारा राशि एकत्र कर कोविड-19 की सम्भावित तीसरी लहर के रोकथाम और नियंत्रण हेतु ये वेन्टीलेटर्स छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य विभाग को दान किये गए हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से प्रदेश में कोरोना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित की गई कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिशन अमृत 2.0 एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रदेशों के शहरी एवं आवासन मंत्रालय के मंत्री, नगरीय प्रशासन के सचिव तथा उच्चाधिकारियों भी शामिल हुए। कार्यक्रम में देश के समस्त नगरीय निकाय, प्रदेश तथा भारत सरकार के मध्य पोर्टल के माध्यम से अमृत मिशन 2.0 तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 का क्रियान्वयन डिजिटल रूप से किए जाने तथा मिशन के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाने हेतु एमओयू डिजिटल हस्ताक्षरित किए गए।

शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रदेश में संचालित स्वच्छ भारत मिशन तथा अमृत मिशन का क्रियान्वयन के मॉडल की प्रशंसा की गई । प्रदेश में अंबिकापुर पिछले तीन सर्वेक्षणों में उच्च स्थान हासिल करने में सफल रहा है, वही प्रदेश स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में प्रथम स्थान पर रहा था। मिशन अमृत के क्रियान्वयन में भी प्रदेश ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन तथा मिशन अमृत में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनुभव साझा किए जाने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी. द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में किए जा रहे अनेकों नवाचार में से सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियों के योगदान तथा अंबिकापुर के साथ साथ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे कार्यों का वर्णन संक्षेप में दिया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित गोधन न्याय योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन का कन्वर्जेंस मॉडल एवं जीरो लैंडफिल शहरों हेतु छत्तीसगढ़ द्वारा किये जा रहे प्रयास , वेस्ट मैजेमेंट के माध्यम से ग्रीन -जॉब आदि की चर्चा रही।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, महापौर रायपुर नगर निगम एजाज ढेबर, महापौर नगर निगम बिलासपुर रामशरण यादव, महापौर नगर निगम अंबिकापुर अजय तिर्की, पाटन के अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ सौमिल रंजन चौबे, आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा कुलदीप शर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए।

गोबर से बनाई बिजली से गांधी की प्रतिमा को किया रोशन

दुर्ग/नवप्रदेश। पाटन ब्लाक का ग्राम सिकोला गांधी जयंती के दिन एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना। इस दिन पहली बार बिजली ग्रामीणों ने गांव में ही पैदा कर ली। गांव में बने गोबर के प्लांट से ग्रामीणों ने बत्ती जलाई। यह बत्ती महात्मा गांधी की मूर्ति के समीप जलाई गई। महात्मा गांधी की मूर्ति से ग्रामीण आत्मनिर्भरता के प्रकाश से रोशन हुई। यह रोशनी बेहद अहम है क्योंकि महात्मा गांधी आत्मनिर्भर गांव का सपना देखते थे, आधुनिक समय में आत्मनिर्भर गांव के लिए तकनीक बेहद अहम है बिजली जैसी चीजें अब ग्रामीण अपने प्राकृतिक संसाधनों से बना सकते हैं इसकी शुरुआत ग्राम सिकोला से की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने बड़ा काम किया है आप लोगों ने महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने की दिशा में काम किया है। आत्म निर्भर गांव के लिए यह बहुत आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली जैसी चीजों का न केवल उत्पादन हो अपितु ग्रामीण बिजली का विक्रय भी कर सकें। बिजली अब केवल केंद्र सरकार और राज्य सरकार या बड़ी कंपनियों के उत्पादन का क्षेत्र नहीं रह गया। अब गांव का बैसाखू भी बिजली का उत्पादन कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। सिकोला की धनेश्वरी साहू ने बताया कि हम लोग आप गोबर से बिजली बना रहे हैं हम लोग बहुत खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा क्या इसके साथ ही वर्मी कंपोस्ट भी बेच रहे हो। धनेश्वरी ने बताया कि हम लोगों ने ढाई लाख का वर्मी कंपोस्ट भेजा है। उपसरपंच पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि गोबर गैस का जो प्लांट लगवाया उससे उससे गांव के 5 घरों का चूल्हा भी जल रहा है। अब बिजली की शुरुआत भी इससे हुई है मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर गांव की दिशा में यह बड़ा कदम है और हम इस कदम की बहुत प्रशंसा करते हैं। इस दौरान चैतन्य बघेल, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अश्विनी साहू, जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, आशीष वर्मा आदि उपस्थित थे।

शारदा ने दी बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि

भिलाई/नवप्रदेश। शारदा विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षिकाओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पं. लाल बहादुर शास्त्री की जन्मतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कू ल्स के डायरेक्टर संजय ओझा थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वच्छ भारत मिशन के पुरोधा बापू को माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात् शिक्षिका अनुपमा सिंह ने राष्ट्रपिता तथा पं. लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षिका रामललि काव्य आवृति की। प्राचार्य सुतापा सरकार ने गांधी की शिक्षाओं को सही मायने में जीवन का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। आत्मसंयम, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठा और आत्म विश्वास को आज हर परिस्थिति से लड़ने का अस्त्र बताया। मुख्य अतिथि संजय ओझा ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज को गांधी व शास्त्री के आर्दशों पर चलने की आवश्यकता है। आज वैश्विक महामारी कोरोना से संघर्ष के बाद देश फि र से संवर रहा है ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों आत्मबल बढ़ाने की आवश्यता है।

न्यूज गैलरी

जनसेवा दिवस पर बुजुर्गों का सम्मान

दुर्ग। आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश व महापौर धीरज बाकलीवाल, मुक्तेश कान्हे प्रबंधक के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थल में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया। जिसमें आश्रय स्थल में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर संस्था की अध्यक्ष चंचल अग्रवाल के द्वारा शाल वितरण कर सभी वरिष्ठ नागरिकों को एक साथ नाश्ता, भोजन कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस हर साल 1 अक्टूबर को वृद्ध व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के रूप में मनाया जाता है। बुजुर्गों की भलाई और जरूरतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और उनकी ओर लोगों का ध्यान केंद्रित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन की शुरुआत की थी। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य नागरीक उपस्थित थे।

आयुक्त ने बीएसपी क्षेत्र में देखी सफाई

भिलाई। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने मॉर्निंग विजिट में बीएसपी क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था देखी। सेक्टर 4 के आवास के बैकलाइन निरीक्षण करने पहुंचे वहां के रहवासियों से चर्चा की लोगों ने बताया कि कई सालों से बैक लाइन की सफाई नहीं हुई है। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है सीवरेज लाइन चोक हो जाता है, नाली से पानी निकासी की समस्या है, रोड एवं मोहल्ले में झाडू लगाने की कोई व्यवस्था नहीं है, स्वीपिंग कार्य नहीं होता है, परेशानियां झेलने के लिए मजबूर है। इसके पश्चात आयुक्त ने सेक्टर 5 के बीएसएनएल क्वार्टर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सेक्टर 5 के क्वार्टर में प्रवेश किया उनकी नजर सड़क किनारे कचरा फेंकते हुए महिलाओं पर पड़ी, यह देखते ही महिलाओं से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के वाहनों को कचरा देने की बात कही।

भाजपा ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

दुर्ग। गौरवशाली दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भाजपा गंजपारा सदर मंडल व कसारीडीह बोरसी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में माल्यर्पण कर मनाया गया। महापुरुषों की शहर के हृदय स्थल में स्थित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर प्रतिमाओं के सम्मुख नन्हें बच्चों के द्वारा केक काटकर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए साथ ही साथ इन महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने व इनके सपनों का राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया। जिला कार्यक्रम प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष कांतिलाल जैन, जिला मंत्री दिनेश देवांगन, दीपक चोपड़ा, सतीश समर्थ, विनायक ताम्रकार, जिला मीडिया प्रभारी केएस चौहान ने जयंती के अवसर पर अपनी भावनाएं प्रकट की।

समापन अवसर पर स्वच्छता कर्मचारियों का निगमायुक्त ने किया सम्मान

राष्ट्रपिता की जयंती पर लिया स्वच्छता का संकल्प

भिलाई/नवप्रदेश। निगम मुख्य कार्यालय में आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं निगम के अधिकारीध्कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं माल्यार्पण किया। इसके साथ ही संपूर्ण निगम क्षेत्र में महापुरुषों की प्रतिमाओं के स्थलों पर साफ सफाई एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत निगम आयुक्त सर्वे नेहरू नगर निगम कार्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को गम बूट, दस्ताना एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अजय शुक्ला, पुरुषोत्तम साहू, शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयुक्त के हाथों सम्मानित होने वाले स्वच्छता कर्मचारियों में मनोरंजन सोनवानी, हरीश राव, विजेंद्र सोनी, महेंद्र कुमार, गजेंद्र साहू, संदीप कुर्रे, राजेश डहरिया, इंद्रजीत, राजकुमार, वेद प्रकाश टंडन, दिनेश कौशिक, मकसूद खान, अमित दुबे, तरुण जोशी एवं पी. क्रिस्टोफ र सहित अन्य शामिल थे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निगम के अन्य जोन कार्यालय में भी स्वच्छता कर्मचारियों का अधिकारियों ने सम्मान किया। आयुक्त सर्वे समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में राधिकानगर के नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे। महात्मा गांधी के आदर्शों की राह पर चलते हुए नशा मुक्त बनाने संकल्प लिया। नशा मुक्ति केंद्र में नशा छोड़ चुके मनजोत सिंह सहित अन्य ने अपने विचार रखकर नशा छोड़ने प्रेरित किया।

वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी को विधायक व महापौर ने सराहा

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम द्वारा महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की अवसर पर विवेकानंद भवन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गंभीर सिंह ठाकुर, डॉ रश्मि भूरे, डॉ आरके खंडेलवाल, महापौर परिषद के सदस्य हमीद खोखर, अब्दुल गनी, संजय कोहले, पार्षद शिवेंद्र परिहार, बृजलाल पटेल, पार्षद प्रेमलता साहू, नजहत परवीन, विकास यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा कचरे से निर्मित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

विधायक वोरा ने कहा कि हमारा दुर्ग काफी सुंदर एवं स्वच्छ है। आने वाले समय में शहर मॉडल के रूप में जाना जाएगा गांधी जी ने हम सबको स्वच्छता के लिए प्रेरित किया है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की शहर स्वच्छ एवं सुंदर रहे यह हम सबका दायित्व है। प्रदर्शनी से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि कोई भी अनुपयोगी नहीं है कचरे से भी विभिन्न प्रकार के चीजों का निर्माण किया जा सकता है। डॉ. रश्मि भूरे ने कहां कि स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत जरूरी है और हम सबको स्वच्छता के प्रति सजग रहें। आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता को विधायक और महापौर ने देखकर खूब सराहना करते हुए सफ ाई मित्रों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया और उनके कार्यों के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त की।

एसएसबी ने चलाया स्वच्छता अभियान

भिलाई/ नवप्रदेश। स्वतंत्रता से ज्यादा महत्वपूर्ण है स्वच्छता महात्मा गांधी बापू के उक्त कथन से यह ध्वनित होता है कि वह जीवन में स्वच्छता के कितने बड़े हिमायती थे। सबसे बड़ी बात यह है कि वह सिर्फ बाहरी स्वच्छता यानी घर पास पड़ोस आदि के ही पक्षधर नहीं थे बल्कि मन की स्वच्छता के भी प्रबल पक्षधर थे। उनका यह मानना था कि यदि मन और पड़ोस स्वच्छ नहीं होगा तो अच्छे सच्चे एवं ईमानदार विचार आना असंभव है। आंतरिक स्वच्छता को वह वाह्य स्वच्छता के लिए आवश्यक मानते थे। अपने इस दृष्टिकोण का उन्होंने एक पत्र में इस प्रकार रेखांकित किया किया जो सचमुच में भीतर से स्वच्छ है। वह अस्वच्छ बनकर नहीं रह सकता एक सुन्दर पवित्र समरस और बुराइयों से मुक्त समाज के निर्माण के लिए बापू के स्वच्छता दर्शन से श्रेष्ठ कोई अन्य दर्शन नहीं हो सकता। राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी के इन्हीं वचनों का अनुसरण करते हुए वर्तमान समय की परिस्तिथियों में प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। यदि आसपास का वातावरण स्वच्छ रहेगा तभी हम स्वस्थ एवं तन्दुरस्थ जीवनचर्या अपना पाएंगे। कायक्रम में सुधीर उप. महानिरीक्षक सशस्त्र सीमा बल के मार्गदर्शन में किया। जिसमें अशोक ठाकुर कमांडेंट प्रशासन, वी भोगराजू उप कमांडेंट, रमेश सरावत, दिगाड़े एसआर, जयराज सिंह सभी अधिकारी व बलकर्मी मौजूद थे।

आवेदन 31 तक

दुर्ग/नवप्रदेश। वर्ष 2022.23 के लिए कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों पर भर्ती हेतु प्रवेश परीक्षा लेटरल एंट्री के लिए आवेदन ऑनलाइन के माध्यम आमंत्रित किया गया। नवोदय विद्यालय के कक्षा 9वी में 7 सीट रिक्त है जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021 है।

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। वार्ड 3 स्थित मणिकांचन केंद्र 3 में 2 अक्टूबर आजादी का अमृत महोत्सव कैम्पेन के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यकलापों का प्रदर्शन किया गया। इसमें सर्वप्रथम कचरा अलग करो अमृत दिवस मनाया। दूसरे दिन सार्वजनिक शौचालय सफाई एवं जनभागीदारी अमृत महोत्सव दिवस और बर्तन बैंक अमृत दिवस के अंतर्गत प्रदान तथा कचरा, अपशिष्ट पदार्थों से उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। जिसमें कई अनुपयोगी वस्तुओं का सदुपयोग करते हुए झालर, झूमर, सजावट की वस्तुएं तैयार की गई। सफाई कर्मचारियों ने अपने कल्पना शक्ति के अनुसार साज सज्जा कर दर्शनीय बना दिया। गांधी जयंती पर अमृत सफाई मित्र सम्मान से सम्मानित करते हुए स्वच्छता दीदी स्वच्छता कमांडो एवं सफ ाई मित्रों क्रमशः रामवती निर्मलकर, आरती कुमार, जसमनी देशलहरे, सीमा चक्रधारी, कौशल्या चंद्राकर, कुसुम जोगी, गीता पटेल, सेवाराम, उदयचंद चेलक को 9 हजार वितरित किए और साथ ही प्रशस्ति पत्र भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिषद कुमारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद जानकी ध्रुव छाया तथा मुख्य नपा अधिकारी जीतेंद्र कुशवाहा तथा नपा के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए सभी सफाई कर्मचारियों को उनके इस सद प्रयासों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक की पहल से कालीबाड़ी में होंगे विकास कार्य

भिलाई/ नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शहर के सभी प्रमुख कालीबाड़ी में कई विकास कार्य होंगे। सभी जगहों में विभिन्न सांस्कृति व धार्मिक आयोजनों के लिए शेड व डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। लाखों की लागत से होने वाले इस विकास कार्य के साथ ही कालीबाड़ी के परिसरों में पेवर ब्लॉक भी लगाए जाएंगे। हर साल नवरात्रि में शहर के सभी काली बाड़ी में भव्य आयोजन किए जाते हैं। माता दुर्गा की पूजा अर्चना की जाएगी। ऐसे में इन सभी काली बाड़ियों में बेहतर सुविधा और धार्मिक आयोजनों के लिए शेड और डोम शेड की मांग थी। समाज और जनता की मांग पर बेहतर से बेहतर धार्मिक आयोजन हो सके। कही कोई कमी या समस्या ना रहे। इसके लिए विधायक यादव ने पहल की और शहर के 4 काली बाड़ी में 34 लाख की लागत से विकास कार्य होगा। जहां डोम शेड और पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। निगम के अधिकारियों ने बताया कि विधायक यादव की पहल से यह सभी विकास कार्य होंगे। हुडको कालीबाड़ी में 12 लाख की लागत से डोमशेड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही परिसर में पेवर ब्लॉक भी लगाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर 6 काली बाड़ी परिसर में 5 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। हाउसिंग बोर्ड काली बाड़ी में 10 लाख की लागत से डोम शेड निर्माण किया जाएगा और सेक्टर 1 कालीबाड़ी में 7 लाख की लागत से शेड का निर्माण किया जाएगा। इससे सभी काली बाड़ी संस्थान से जुड़े लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया और उनका आभार जताया।

संस्था के लोगों ने कहा कि लगातार जनता के हित और विकास के लिए काम कर रहे हैं। उनके इस प्रयास से सभी समुदाय में काफी हर्ष का माहौल है।

आज लगेगा नि:शुल्क जांच शिविर

विधायक की पहल पर रोटरी क्लब भिलाई द्वारा निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर को खुर्सीपार श्रीराम चौक में किया जाएगा। सामुदायिक भवन श्रीराम चौक खुर्सीपार में आयोजित शिविर प्रातः 9 से 3 बजे तक चलेगी। शिविर में नेत्र चिकित्स, दंत चिकित्सक, हड्डी रोग विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जन, स्त्री रोग चिकित्सक होंगे। फ्री में स्वास्थ्य जांच करेंगे और इलाज करेंगे। साथ ही यहां जनरल फिजिशियन, रक्त जांच किया जाएगा। रोटरी क्लब भिलाई के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सभी का फ्री में चेकअप होगा। शेखर मेहता अध्यक्ष रोटरी क्लब, राजेश जैन अध्यक्ष रोटरी क्लब भिलाई, सुनील पाठक गवर्नर रोटरी क्लब भिलाई, बृजमोहन अग्रवाल सेकेट्री के सहयोग से इलाज व विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श दिया जाएगा।

आज मैराथन दौड़

दुर्ग। वन मंडल द्वारा वाइल्ड लाइफवीक के अंतर्गत 3 से 8 अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। आयोजन में भाग लेने आयु सीमा का निर्धारण नहीं किया गया है। सभी आयु वर्ग के लोग आयोजन से संबंधित प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए केवल एक एंट्री ही स्वीकार्य होगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत निबंध, क्विज, फोटोग्राफी, पेंटिंग, पक्षी गणना और मेरॉथान जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिसमें पक्षी गणना और मेरॉथान का आयोजन ऑफलाइन मोड में किया जाएगा। उक्त जानकारी डीएफओ धम्मशील सिंह गणवीर ने दी।

नाम-परिवर्तन

मैं कुसुम टावरी पति श्री निलेश टावरी, निवासी वार्ड 58 सर्वेश्वर धाम के पास सेक्टर 04 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं। मेरे पेन कार्ड, मेरी पुत्री कनक टावरी एवं पुत्री दीक्षा के जन्म प्रमाण पत्र तथा शालेय दस्तावेजो में मेरा नाम पिंकी टावरी दर्ज हो गया है। मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं राशन कार्ड में मेरा नाम कुसुम टावरी है एवं मैं कुसुम टावरी के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं। मेरे पेन कार्ड, मेरी पुत्री कनक टावरी एवं पुत्री दीक्षा के जन्म प्रमाण पत्र एवं शालेय दस्तावेजो मे मेरा नाम पिंकी टावरी एवं आधार कार्ड में दर्ज कुसुम टावरी दोनो नाम मेरे स्वयं के है किसी अन्य व्यक्ति के नही है। मैं अपने पेन कार्ड, पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शालेय दस्तावेज में दर्ज पिकी टावरी को विलोपित कर कुसुम टावरी दर्ज करवाना चाहती हूं। जिसके लिए यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करवाने हेतु शपथ पत्र कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ता कुसुम टावरी

नवरात्रि तैयारी — नवरात्र पर्व को लेकर हुई समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

सतरुपा शीतला मंदिर में 1321 ज्योत होंगे प्रज्जवलित

दुर्ग/नवप्रदेश। कसारीडीह सिविल लाईन स्थित प्रसिद्ध माँ सतरूपा शीतला मंदिर समिति की आम सभा की बैठक में नवरात्र पर्व मनाने एवं मंदिर के गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।

इस संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव रोमनाथ साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति के पंजीयन नियमावली में सदस्यता संबंधी त्रुटियों के संशोधन, मंदिर में स्थापित देवियों के पीछे भाग को ब्रांस मेटल से सुसज्जित करने, प्रांगण में स्थापित मूर्तियों को सुरक्षित रखने नरेश राजा जगतपाल एवं नंदी महाराज को स्टील पाईप से घेरा, दरबार में हाथी व बाना रखने के स्थान के पास ठाकुर देव की सवारी घोड़ा का निर्माण के निर्णय शामिल है।

उक्त निर्णयों पर सदस्यों द्वारा सहमति जताई गई है।

निर्माण कार्यों के खर्चों के लिए कुछ सहयोग राशि समिति के संरक्षक, पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों द्वारा दी जाने की घोषणा की गई है। अध्यक्ष व सचिव ने बताया कि मंदिर में विगत 3 पर्व से कोरोना संक्रमण काल के कारण नवरात्रि पर्व पर बड़े आयोजन नही किए जा सके थे। जिसमें मंदिर प्रांगण को रंग.बिरंगी लाईटों से सुसज्जित कराया जाएगा तथा हवनपूजन, जससेवा, कन्या भोज, अष्टमी व नवमी भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। 321 ज्योति कलश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आम सभा की बैठक में समिति अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव रोमनाथ साहू, कोषाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, सहसचिव जितेन्द्र निर्मलकर, कार्यकारिणी सदस्य राजासिंह राजपूत, दीपक यादव, शांति शर्मा, भीखम साहू, श्रीकांत समर्थ, पूरेन्द्र देवांगन, कृष्णा देशमुख, रमेश शर्मा, सुरेन्द्र धर्माकर, प्रहलाद रूंगटा, दीनानाथ निर्मलकर, अरूण साहू, केके अग्रवाल, राजेश साहू, संतोष वर्मा, निरंजन उमरे, आलोक गुप्ता, संतोष सिन्हा, सुकान्त खाड़ा, अरूण सिन्हा, नरसिंग वर्मा, जागेश्वर साहू, समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य राधेश्याम अग्रवाल, विशाल देशमुख, अखिलेश मिश्रा, ललित चंदेल, रामसिंह वर्मा के अलावा अन्य सदस्य शामिल हुए।

न्यायालय तहसीलदास पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि आवेदिका योगिता कुर्रे पिता प्रहलाद कुर्रे निवासी मोतीपारी प.ह.न. 08 तह. पाटन द्वारा अपनी माता राजकुमारी कुर्रे कोटवार की शारीरिक अस्वस्थता के कारण वर्तमान में कोटवारी कार्य नहीं कर पाने के कारण अपने स्थान पर स्वयं को कोटवार नियुक्त किए जाने आवेदन किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.10.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकतें हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

आज दिनांक 21.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202109100900048

विषयः अ-74 वर्ष 2020-21

अमलेश्वर प.ह.न.00005(1033/1(0.2060 हे.

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- दुर्जन सिंह

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री दुर्जन सिंह पिता रघुनाथ सिंह निवासी खुडमुड़ा तह. पाटन द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 स्थित संयुक्त खाते की भूमि खसरा नं. 1033/1 रकबा 0.2060 हे. का मूल ऋण पुस्तिका चोरी हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री दुर्जन सिंह पिता रघुनाथ सिंह द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त दर्शिता भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 06.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202109101000166

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

कोहका प.ह.न. 00019 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- पंकज कुमार वर्मा

अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

आवेदक श्री पंकज कुमार वर्मा पिता प्यारेलाल वर्मा निवासी कुरुद भिलाई के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग की भूमि खसरा नंबर 4286 का टु. रकबा 0.01 हे. भूमि को वसीयत नियुक्तिकर्ता बंसीलाल वर्मा पिता स्व. सुखारी सिंह के द्वारा वसीयतप्राप्तकर्ता पंकज कुमार वर्मा पिता प्यारेलाल वर्मा को पंजीकृत वसीयत की है। इस आधार पर आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

नवरात्रि माँ के अलग अलग रूपों को निहारने और उत्सव मनाने का त्यौहार

मन शुद्धिकरण एवं पवित्र होने का त्यौहार नवरात्रि

नवरात्र में अपनी आध्यात्मिक और मानसिक शक्ति संचय करने के लिए अनेक प्रकार के व्रत, संयम, नियम, यज्ञ, किए जाते है

नवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व

नवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है। नवरात्रि शब्द एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति / देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवाँ दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। पौष, चैत्र, आषाढ,अश्विन मास में प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और महाकाली के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिनके नाम और स्थान क्रमशः इस प्रकार है नंदा देवी योगमाया(विंध्यवासिनी शक्तिपीठ), रक्तदंतिका(सथूर),शाकम्भरी(सहारनपुर शक्तिपीठ), दुर्गा(काशी),भीमा(पिंजौर) और भ्रामरी(भ्रमराम्बा शक्तिपीठ) नवदुर्गा कहते हैं। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में महान उत्साह के साथ मनाया जाता है।

नौ देवियों के नौ रूप

शैलपुत्री - इसका अर्थ- पहाड़ों की पुत्री होता है।

ब्रह्मचारिणी - इसका अर्थ- ब्रह्मचारीणी।

चंद्रघंटा - इसका अर्थ- चाँद की तरह चमकने वाली।

कूष्माण्डा - इसका अर्थ- पूरा जगत उनके पैर में है।

स्कंदमाता - इसका अर्थ- कार्तिक स्वामी की माता।

कात्यायनी - इसका अर्थ- कात्यायन आश्रम में जन्मि।

कालरात्रि - इसका अर्थ- काल का नाश करने वली।

महागौरी - इसका अर्थ- सफेद रंग वाली मां।

सिद्धिदात्री - इसका अर्थ- सर्व सिद्धि देने वाली।

दुर्गा देवी के विभिन्न स्वरूपों की यात्रा

माता वैष्णो देवी जम्मू कटरा

माता चामुण्डा देवी हिमाचल प्रदेश

माँ वज्रेश्वरी कांगड़ा वाली

माँ ज्वालामुखी देवी हिमाचल प्रदेश

माँ चिंतापुरनी उना

माँ नयना देवी बिलासपुर

माँ मनसा देवी पंचकुला

माँ कालिका देवी कालका

माँ शाकम्भरी देवी सहारनपुर

नवरात्रि भारत के विभिन्न भागों में अलग ढंग से मनायी जाती है। गुजरात में इस त्योहार को बड़े पैमाने से मनाया जाता है। गुजरात में नवरात्रि समारोह डांडिया और गरबा के रूप में जान पड़ता है। यह पूरी रात भर चलता है। डांडिया का अनुभव बड़ा ही असाधारण है। देवी के सम्मान में भक्ति प्रदर्शन के रूप में गरबा, 'आरती' से पहले किया जाता है और डांडिया समारोह उसके बाद। पश्चिम बंगाल के राज्य में बंगालियों के मुख्य त्यौहारो में दुर्गा पूजा बंगाली कैलेंडर में, सबसे अलंकृत रूप में उभरा है।

नवरात्र शब्द से 'नव अहोरात्रों (विशेष रात्रियां) का बोध' होता है। इस समय शक्ति के नव रूपों की उपासना की जाती है क्योंकि 'रात्रि' शब्द सिद्धि का प्रतीक माना जाता है। भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों ने रात्रि को दिन की अपेक्षा अधिक महत्व दिया है। यही कारण है कि दीपावली, होलिका, शिवरात्रि और नवरात्र आदि उत्सवों को रात में ही मनाने की परंपरा है। यदि, रात्रि का कोई विशेष रहस्य न होता तो ऐसे उत्सवों को रात्रि न कह कर दिन ही कहा जाता। जैसे- नवदिन या शिवदिन। लेकिन हम ऐसा नहीं कहते।

नवरात्रि पर्व, माँ-दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति का पर्व

लंका-युद्ध में ब्रह्माजी ने श्रीराम से रावण वध के लिए चंडी देवी का पूजन कर देवी को प्रसन्न करने को कहा और बताए अनुसार चंडी पूजन और हवन हेतु दुर्लभ एक सौ आठ नीलकमल की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर रावण ने भी अमरता के लोभ में विजय कामना से चंडी पाठ प्रारंभ किया। यह बात इंद्र देव ने पवन देव के माध्यम से श्रीराम के पास पहुँचाई और परामर्श दिया कि चंडी पाठ यथासभंव पूर्ण होने दिया जाए। इधर हवन सामग्री में पूजा स्थल से एक नीलकमल रावण की मायावी शक्ति से गायब हो गया और राम का संकल्प टूटता-सा नजर आने लगा।



भय इस बात का था कि देवी माँ रुष्ट न हो जाएँ। दुर्लभ नीलकमल की व्यवस्था तत्काल असंभव थी, तब भगवान राम को सहज ही स्मरण हुआ कि मुझे लोग 'कमलनयन नवकंच लोचन' कहते हैं, तो क्यों न संकल्प पूर्ति हेतु एक नेत्र अर्पित कर दिया जाए और प्रभु राम जैसे ही तूणीर से एक बाण निकालकर अपना नेत्र निकालने के लिए तैयार हुए, तब देवी ने प्रकट ह हुई , हाथ पकड़कर कहा- राम मैं प्रसन्न हूँ और विजयश्री का आशीर्वाद दिया। वहीं रावण के चंडी पाठ में यज्ञ कर रहे ब्राह्मणों की सेवा में ब्राह्मण बालक का रूप धर कर हनुमानजी सेवा में जुट गए। निःस्वार्थ सेवा देखकर ब्राह्मणों ने हनुमानजी से वर माँगने को कहा।

नवरात्रि का महत्व एवं माता के नौ दिन

नवरात्रि उत्सव देवी अंबा (विद्युत) का प्रतिनिधित्व है। वसंत की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियाँ चंद्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। नवरात्रि पर्व, माँ-दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति (उदात्त, परम, परम रचनात्मक ऊर्जा) की पूजा का सबसे शुभ और अनोखा अवधि माना जाता है। यह पूजा वैदिक युग से पहले, प्रागैतिहासिक काल से चला आ रहा है। ऋषि के वैदिक युग के बाद से, नवरात्रि के दौरान की भक्ति प्रथाओं में से मुख्य रूप गायत्री साधना का हैं। नवरात्रि में देवी के शक्तिपीठ और सिद्धपीठों पर भारी मेले लगते हैं । माता के सभी शक्तिपीठों का महत्व अलग-अलग हैं। लेकिन माता का स्वरूप एक ही है। कहीं पर जम्मू कटरा के पास वैष्णो देवी बन जाती है। तो कहीं पर चामुंडा रूप में पूजी जाती है। बिलासपुर हिमाचल प्रदेश मे नैना देवी नाम से माता के मेले लगते हैं तो वहीं सहारनपुर में शाकुंभरी देवी के नाम से माता का भारी मेला लगता है।

लोक मान्यताओ के अनुसार लोगो का मन्ना है कि नवरात्री के दिन व्रत करने से माता प्रसन्न होती है, व्रत करने से माता खुश नहीं होती क्योंकि व्रत करना शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण है। भगवत गीता अध्याय 6 के श्लोक 16 में भी व्रत करने की मनाहि है।

नवरात्रि के पहले तीन दिन

नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उसकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। पहले दिन माता के शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रम्ह्चारिणी और तीसरे दिन चंद्रघंटा स्वरुप की आराधना की जाती है।

नवरात्रि के चौथा से छठे दिन

व्यक्ति जब अहंकार, क्रोध, वासना और अन्य पशु प्रवृत्ति की बुराई प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर लेता है, वह एक शून्य का अनुभव करता है। यह शून्य आध्यात्मिक धन से भर जाता है। प्रयोजन के लिए, व्यक्ति सभी भौतिकवादी, आध्यात्मिक धन और समृद्धि प्राप्त करने के लिए देवी लक्ष्मी की पूजा करता है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी, की पूजा करने के लिए समर्पित है। शायद व्यक्ति बुरी प्रवृत्तियों और धन पर विजय प्राप्त कर लेता है, पर वह अभी सच्चे ज्ञान से वंचित है। ज्ञान एक मानवीय जीवन जीने के लिए आवश्यक है भले हि वह सत्ता और धन के साथ समृद्ध है। इसलिए, नवरात्रि के पांचवें दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। सभी पुस्तकों और अन्य साहित्य सामग्रियों को एक स्थान पर इकट्ठा कर दिया जाता हैं और एक दीया देवी आह्वान और आशीर्वाद लेने के लिए, देवता के सामने जलाया जाता है।

नवरात्रि का सातवां और आठवां दिन

सातवें दिन, कला और ज्ञान की देवी, सरस्वती, की पूजा की है। प्रार्थनायें, आध्यात्मिक ज्ञान की तलाश के उद्देश्य के साथ की जाती हैं। आठवे दिन पर एक 'यज्ञ' किया जाता है। यह एक बलिदान है जो देवी दुर्गा को सम्मान तथा उनको विदा करता है।

नवरात्रि का नौवां दिन

नौवा दिन नवरात्रि का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन कन्या पूजन होता है। जिसमें नौ कन्याओं की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुँची है। इन नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। कन्याओं का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में कन्याओं को उपहार के रूप में नए कपड़े प्रदान किए जाते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रूलाई छूटने के

रूलाई छूटने के ठीक पहले हृदय और मन में पल भर के लिये आवेग भरा एक तीव्र संघर्ष होता है.इसमें यह मालूम नहीं चलता कि हारा कौन,जीता कौन ? पर एक बात तय है कि बिखर दोनों एक साथ जाते हैं.परिणति यह है कि आँसूओं की कोई दिशा नहीं होती.इससे अधिक निरपेक्ष न जम्हाई है न छींक।

– शेष अमित

तुम्हें मन के मंदिर में जबसे बिठाया ये

तुम्हें मन के मंदिर में जबसे बिठाया ये संसार लगने लगा है पराया दिवानी मैं होकर फिरू कहती कहती मेरा कृष्ण आया मेरा श्याम आया वही राग अब तो मुझे सीखना है सुदामा ने गाया जो मीरा ने गाया।

– लक्ष्मी माहोर

खास पाती

इश्क क्या है सीने में मीठी

इश्क क्या है सीने में मीठी सी चुभन हल्की सी जलन थोड़ी सी तड़प एक विश्वास एक आशा एक शक़ थोड़ी सी चिंता, थोड़ी सी फ़िक्र और तेरा जिक्र थोड़ा सा अपनापन थोड़ा रूठना थोड़ा मनाना साथ हँसना और हँसाना अमावस की रात सुनसान सड़कों पर हाथ पकड़ कर चलना और बस... चलते रहना किसी झील किनारे चुपचाप बैठे रहना और कभी आँखों ही आँखों में एहसास कराना मैं हूँ ना इसी एहसास के साथ जीना और इसी एहसास के साथ मरना बस यही है इश्क हाँ यही है इश्क़।

-डॉ अर्चना खण्डेलवाल

रात को हमने तमाम रात ही

रात को हमने तमाम रात ही जगाये रक्खा तेरी यादों का अलाव जलाये रक्खा तुम्हें हम भूल चुके हैं ,बस यही कह कह कर , तमाम उम्र हमने भरम सा बनाये रक्खा हिज्र की आग में सब कुछ ही जल गया था मगर , हमने तो राख को भी दिल में जलाये रक्खा वो अब चल चुके हैं ,वो अब आ रहे हैं , यही कह कह के हमने दिल को बहलाये रक्खा ग़ैर के हो जाते ,मगर यह भी ग़वारा न हुआ ,हमने खुद को ही सीने से लगाये रक्खा।

– अनु मित्तल

विज्ञापन में बढ़ती हुई फूहड़ता और

विज्ञापन में बढ़ती हुई फूहड़ता और नग्नता पर किसी को कोई ऐतजाज क्यों नहीं होता। जरूरी नहीं जो परोसा जाये वह सब खाया भी जाये। हम अपने स्वास्थ्य के हिसाब से खाते है। अब आँखों के स्वास्थ्य और संस्कृति को बीमार कर रहे विज्ञापन आज कल बढ़ते ही जा रहे है।

– संध्या चतुर्वेदी

अकेलापन नहीं अभिशाप, मन से हार मत मानो

अकेलापन नहीं अभिशाप, मन से हार मत मानो। कभी अपना कहे कड़ुआ उसे दीवार मत मानो। तुम्हारे ज्ञान, अनुभव से चला घर बार हरदम ही- बुढ़ापा को जगत में तुम कभी अभिशाप मत मानो।।

-दिनेश रोहित चतुर्वेदी

गर चरागों को जवां दिल में रखो, तो हवाओं का गुमां

गर चराग़ों को जवां दिल में रखो, तो हवाओं का गुमां दिल में रखो। पार करनी गर अदावत की नदी, दोस्ती की कश्तियां दिल में रखो। गर मुहब्बत के सफ़र में जाना है तो, आंसुओं का कारवां दिल में रखो। गर ज़मीं से प्यार करना है तुम्हें, तो न ख़ौफ़-आसमां दिल में रखो। गो विदेशों में रहो तुम उम्र भर, रात दिन पर यादे-मां दिल में रखो ।

– डॉ संजय दानी

ये आप ही है जो तय करते है की आप खुशी तक कितनी देर में

ये आप ही है जो तय करते है की आप खुशी तक कितनी देर में पहोचना चाहेंगे। आप चाहे तो किसी चांद की ख्वाहिश कर ज़िंदगी भर केवल इंतज़ार कर सकते है। या आप चाहे तो इसी पल एक पुरानी सी धुन चला कर सिगरेट के कश से धुंए के बादल बना, रुमानियत भरी गर्दिश कर सकते है। खुशी दूर नही वजह दूर या पास होती है। जिसके चुनाव में आप एक दम स्वतंत्र है।

– कुलदीप वर्मा

QUIZ TIME

1) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य द्वारा मिशन निर्यातक बनो अभियान शुरू किया गया?

2) औद्योगिक रोबोट सॉफ्टवेयर के निर्माण के लिए 'इंट्रिंसिक' किस संगठन द्वारा शुरू की गई एक नई कम्पनी है?

3) 'लेपचा' व 'हो' जनजातियाँ सामान्यतः भारत के किस भाग में पाई जाती है?

4) कौन-सा खनिज 'कोडुराइट' अन्तर्वेधी चट्टान से संबंधित है? (लोहा / कॉपर / मैंगनीज / काओलिन)

5) 105 वर्षीय मान कौर, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, किस खेल आयोजन से जुड़ी थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राजस्थान (2) अल्फाबेट (3) उत्तर-पूर्वी भारत (4) मैंगनीज (5) दौड़

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1783- आयरलैंड के वाटरफोर्ड में पहला वाटरफोर्ड क्रिस्टल ग्लास बनाने वाला व्यवसाय शुरू हुआ। 1835- जर्मनी के न्यूरेमबर्ग में जे. एस. एस. स्टैडटलेर ने स्टैडटलेर कंपनी (पेंसिल निर्माता) स्थापित की। 1863- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका में 'थैंक्स गिविंग डे' मनाये जाने की घोषणा की। 1901- मोटर साइकिल रेसिंग की शुरुआत जापान में हुई 1915- नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया। 1932- इराक को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल हुई। 1970- लेबनान के प्रधान मंत्री रशीद करमी की सरकार ने इस्तीफा दिया। 1975- बंगलादेश के 1971 में पाकिस्तान से अलग होने के बाद पहली बार दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए। 1977- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 1978- कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहले और दुनिया में दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ। 1984- भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी। 1989- दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया। 1990- पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के 45 वर्षों के बाद एक होने की औपचारिक रुप से घोषणा की गयी। 1995- चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति बनी। 1999- आण्विक पदार्थों के आवागमन और आण्विक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका तथा रूस ने संयुक्त संकट केन्द्र की स्थापना की।

■ न्यूज गैलरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शिक्षक संघ ने सौंपा जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर

साजा/नवप्रदेश। शालेय शिक्षक संघ साजा शिक्षण कार्य के साथ साथ निरन्तर सामाजिक, मानवीय कार्यो में आगे रहा है, रक्त दान शिविर, शैक्षिक संगोष्ठी, स्वच्छता, वृक्षारोपण, कोविड जागरूकता जैसे विभिन्न जनहित कार्यो में अपनी समाजिक भूमिका निभाते रहा है। इसी कड़ी में सभी शिक्षकों के सहयोग से 1 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा को 3 जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर बीएमओ डॉ अश्वनी वर्मा को भेंट की गई, जिससे पीड़ित व्यक्तियों को मदद हो सके। ब्लॉक अध्यक्ष पवन साहू के साथ सलाहकार संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष जमुना सिंह राज, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलिमा कन्नौजे, उपाध्यक्ष कविता वर्मा, लीलावती सिंह एवं संघ के जिला मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर के सहयोग कर्ताओं में पवन मोगरा साहू, मनी देवांगन, बनवारी चेलक, हिमकल्यानी सिन्हा, थलज साहू, नोकेश्वर वर्मा, पूनम बिचपुरिया, सुनील मंडावी, छत्रपाल साहू, गायत्री जोगी, रंजीता गुप्ता, भावना कीन्हरे, नीलाभ मिश्रा, प्रेमा स्मृति कंवर, दीप्ति देवांगन, सूर्य प्रकाश देवांगन, मीरा भट्टाचार्य, अखिलेश बनाफर, कुंभ लाल वर्मा, द्रोण वर्मा, नरेश बघेल, सीमा राजपूत, राजेश वर्मा, घनश्याम साहू, भूपेंद्र साहू, ज्ञानी सोनी, सीमा कश्यप, प्रदीप भुवाल, लक्ष्मी साहू, धरम पाल लोकेश्वरि वर्मा, गोरे लाल साहू, रुकुम साहू, राजू सेन, संजय सेन, राम स्नेही वर्मा, राधेश्याम सिन्हा, मनोज बारले, गोपाल पटेल, रोशनी पटेल, हीना दुबे, पिंकी देवांगन, जरीना बेगम, नर्मदा साहू, शांति लाल लदेल, सत्यदेव गन्धर्व, कृष्णा देवांगन, रशिम, विनय जोशी, बलराम ठाकुर, भवानी नेताम, सन्तोष ठाकुर, दिलीप वर्मा, तारू लता सिन्हा, गीतेश देवांगन, नरोत्तम अंजू वर्मा, हीरा लाल वर्मा, शैलेन्द्र वैष्णव, विमल वर्मा, मुकेश वर्मा, प्रभु साहू, उषा पाटकर, मनीषा चौबे, वेदराम लोधी, सुरेखा साहू, सविता विश्वास, विकलिस अशरफ भावसिंह नेताम, चितरंजन वर्मा, जमुना सिंह राज, सन्तोष मिश्रा, कमल शर्मा कवि, लोमन सिंह वर्मा एवं समस्त शालेय शिक्षक संघ परिवार साजा।

सूने मकान में चोरी, दो चोर गिरफ्तार

गुंडरदेही/नवप्रदेश। सूने मकान में चोरी करने वाले दो चोरों को अर्जुंदा पुलिस ने पकड़ा है। चोरों से पुलिस ने नकदी व चोरी किए सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। अर्जुंदा पुलिस ने बताया कि मयंक चंद्राकर पिता कृष्णा 26 वर्ष निवासी भिलाई थाना अर्जुदा जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके सूने मकान ग्राम भिलाई में कोई अज्ञात चोर द्वारा कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे पीतल के गुंडी, गंजी, कांस की थाली व इलेक्ट्रानिक वेट मशीन कुल कीमती 15 हजार रुपए को चोरी कर ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर चोरों का पतासाजी लगा रही थी। इस दौरान मूखबीर की सूचना पर संदेही भुनेश्वर निषाद व किशोर कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने 28 सितंबर की रात कृष्णा चंद्राकर के मकान अंदर प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे एक नग गुण्डी, एक नग गंजी व चार नग कांस थाली, 01 नग इलेक्ट्रानिक वेट मशीन को चोरी करना स्वीकार करते हुए पीड़ित के मकान से कुछ दूरी पर स्थित बाड़ी के झाड़ी में छिपाकर रखना बताया। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को उक्त स्थान पर लेकर पहुंची और चोरी किए सामानों को बरामद कर लिया। आरोपी भुनेश्वर निषाद पिता धनीराम निषाद 28 वर्ष व किशोर पिता श्याम सुंदर नेताम 30 वर्ष दोनों निवासी भिलाई थाना अर्जुदा जिला बालोद छग.को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया। पकड़े गए दोनों चोर आदतन अपराधी है। अक्सर सूने मकानों को रैकी कर अपना निशाना बनाते थे।

महिलाओं के विरूद्ध अमर्यादित टिप्पणी पर होगा अपराध दर्ज : डॉ. नायक

■ पति-पत्नी के साथ मारपीट किए तो सजा के लिए रहे तैयार : डॉ. नायक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने जिला पंचायत सभाकक्ष में राजनांदगांव जिले से आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई की। सुनवाई में 19 प्रकरण आयोग के समक्ष रखे गए। आयोग के पास दहेज प्रताड़ना, कार्य स्थल पर प्रताड़ना, मारपीट, सम्पत्ति, तलाक और भरण-पोषण के विभिन्न मामले आते है। डॉ. नायक ने कहा कि महिलाएं अत्याचार सहने के लिए नहीं है। किसी भी पुरूष को यह अधिकार नहीं है कि महिला पर अत्याचार करें और उसे प्रताड़ित करें। यदि कोई महिला अत्याचार सिर्फ इसलिए सह रही है कि वह महिला या पत्नी है और अत्याचार सहना उसकी नियति है, तो वह पुरूष को प्रोत्साहन देने के बराबर है। महिलाओं को अपने हक के लिए आवाज उठानी चाहिए।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा सुनवाई की गई। जिसमें एक प्रकरण में एक आवेदिका द्वारा सोशल मीडिया पर टिका-टिप्पणी किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर आयोग द्वारा सुनवाई करते हुए अनावेदक द्वारा माफी मांगी गई और भविष्य में इस तरह की टीका-टिप्पणी नहीं करने की बात कही। आयोग द्वारा अनावेदक को यह समझाईस दी गई कि आवेदक या परिवार के खिलाफ किसी भी तरह की टिप्पणी करने पर आवेदिका द्वारा साईबर थाना में रिपोर्ट की जाएगी।

एक अन्य प्रकरण में पत्नी ने बताया कि अनावेदक ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए समझौतानामा बनाकर अपना प्रकरण वापस करवाया और निलंबन को वापस

करवाया। निलंबन से पति से पत्नी बहाल होने के बाद आवेदिका के साथ फिर से मारपीट और दुर्व्यवहार करने लगा। पत्नी अपने पति के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुसंशा चाहती है। लेकिन पति पत्नी के मध्य आपसी प्रकरण न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। आयोग द्वारा आवेदिका को समझाईश दिया गया कि वह अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरण को जिम्मेदारी से लड़े तथा सक्षम न्यायालय में अपना अधिकार प्राप्त करें।

एक अन्य प्रकरण तहसीलदार के खिलाफ आया। जिसमें आवेदिका ने अपने आवासीय दुकान के सामने हो रहे अतिक्रमण के संबंध में तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर अनावेदक ने आयोग को बताया कि आवेदिका ने जिस अतिक्रमण को हटाने के लिए याचिका तहसील कार्यालय में लगाई थी, उसके अतिक्रमण हटाने का आदेश उनके द्वारा जारी किया था। इसमें कार्रवाई के संबंध में एसडीएम कार्यालय में स्पष्ट आदेश मिला और मेरे द्वारा पारित आदेश को एसडीएम द्वारा निरस्त कर दिया गया, जिस पर आवेदिका ने कमिश्नर दुर्ग सम्भाग कार्यालय में आवेदन दिया है। अनावेदक ने सम्बंधित दस्तावेज आयोग को प्रस्तुत किया। आवेदिका ने स्वीकार किया कि इस प्रकरण की सुनवाई कमिश्नर कार्यालय में प्रक्रियाधीन है। इस स्तर पर प्रकरण आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो जाने से नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने पति के मृत्यु के पश्चात पति के सम्पत्ति में हक पाने के लिए आयोग में शिकायत किया था। अनावेदक आवेदिका के देवर है जो शासकीय सेवा में है तथा अनावेदक का शर्त है कि मृत भाई के नाम का पैसा व अन्य वस्तुएं तीनों बच्चों के नाम पर करने तैयार है, आवेदिका कि जो भी वस्तुएं अनावेदक के पास है, उसे आवेदिका के घर पहुंचाकर देगा और शेष जमा राशियों का दस्तावेज 4 अक्टूबर को आयोग कार्यालय रायपुर में उपस्थित होकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

मनमर्जी के मालिक हैं एसडीओ व इंजीनियर, दफ्तर से रहते हैं नदारद

देवभोग/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में सभी विभाग के अधिकारियों को मुख्यालय पर रहने के सख्त फरमान जारी किया है। ताकि आम आदमी को अधिकारियों के पीछे चक्कर काटना न पड़े। लेकिन जिला कार्यपालन अभियंता एमआर जाटव के संरक्षण से पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर और एसडीओ मुख्यालय से गायब रहते हैं।

नवपदस्थ एसडीओ के दर्शन नहीं होते तो वही इंजीनियर सप्ताह में कभी कभार आकर वापस लौट जाते हैं। जबकि पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट विभाग से अक्सर नेताओं और आम आदमी को काम पड़ने के साथ क्षेत्र की सड़क मरम्मत एवं हाई स्कूलों में

नवीन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। बावजूद इसके एसडीओ और इंजीनियर मुख्यालय पर नहीं होते। ऐसे में विभागीय कामकाज के साथ साइट के कार्य भी स्थानीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के भरोसे है। सबसे खास बात तो यह है कि जिला कार्यपालन अभियंता एमआर जाटव भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया से भलीभांति अवगत हैं। मगर अफसोस कि इन लापरवाह एसडीओ व इंजीनियर पर किसी तरह की कार्रवाई करना तो दूर इनकी लापरवाही को सह दे रहे। शासन का आदेश है कि सोमवार के अलावा अधिकांश दिन सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी कार्यालय में आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे ताकि आम जनता की समस्याओं की सुनवाई हो सके। किंतु सरकार के आदेश की परवाह किए बिना पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर व एसडीओ गायब रहते हैं। जबकि लाखों का विश्राम गृह में हेडक्वार्टर के साथ अस्थाई कार्यालय भी इन अफसरों के लिए बना हुआ है। जो सिर्फ धूल खा रहा है।

भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान की प्रेरणा देने वाले पीएम मोदी के सपनों को साकार करने भाजपा युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में सुबह 6 बजे से ही सफाई अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह ने कहा कि पीएम के द्वारा देश की बागडोर संभालते ही जिस तरह से उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर सफाई अभियान की शुरुआत की एवं बनारस के गंगा घाट किनारे सफाई अभियान में लगे कामगारों के चरण धोए उससे देश के हर नागरिक में सफाई अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ी और यही कारण है कि अब लोग आगे बढ़कर सफाई अभियान में जुट रहे।

आदिवासी कंवर समाज के सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम जटकन्हार में आदिवासी कंवर समाज का पंचवर्षीय महासभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी शामिल हुए।

महासभा में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने भाग लिया और बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आदिवासी समाज के विकास में सहयोगी रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया गया।

आदिवासी समाज के मुखिया रामजी सिद्दार और अन्य वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कंवर आदिवासी समाज के हर कार्य को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने संजीदगी से पूरा किया, वह हमारी हर मांग पर तुरंत सहमति दिया करते थे। उन्होंने डॉ. रमन सिंह का समाज के उत्थान में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में आदिवासी कंवर समाज के छात्र-छात्राओं के पढ़ने की सुविधा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 30 लाख रूपए सामाजिक भवन निर्माण हेतु प्रदान किए थे।

एनएमडीसी ने स्कूली बच्चों के साथ मनाई गांधी जयंती

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने हैदराबाद स्थित अपने प्रधान कार्यालय में गांधी जयंती मनाई। इस वर्ष की गांधी जयंती भारत में स्वच्छ भारत अभियान समारोह के 7वें वर्ष का भी प्रतीक है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुमित देब, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने किया।

इस अवसर पर सोमनाथ नंदी, निदेशक (तकनीकी), के प्रवीण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं विधि), वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुए सुमित देब ने कहा कि एनएमडीसी का जिम्मेदार खनन की मूल भावना गांधी के सिद्धांतों पर आधारित है और राष्ट्र की सेवा करते हुए कंपनी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए समर्पित है।

इस अवसर पर देब ने कहा कि स्वतंत्र भारत के लिए गांधी के विजन का सम्मान करने के लिए हमें संगठित रूप मे और स्वच्छ भारत, हरित भारत के प्रति अपने संसाधनों को समर्पित करना चाहिए। गांधी जी को श्रद्धांजलि के रूप में स्वच्छ भारत अभियान की प्रासंगिकता इस वर्ष चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव के कारण और अधिक महत्व रखती है।

एनएमडीसी आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में 2 और 3 अक्टूबर 2021 के दौरान एक मेगा शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत देश की आजादी और उससे आगे की यात्रा पर छात्रों के साथ प्रश्नोत्तरी और एक इंटरैक्टिव सत्र के साथ हुई। दिल्ली स्कूल ऑफएक्सीलेंस के आठवीं कक्षा के छात्र स्पर्श ने कहा, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम हमारे समय के राष्ट्रीय नेता थे, जिन्होंने बच्चों को गांधी जी के आदर्शों पर खरा उतरने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

सुमित देब ने शतरंज टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और भारत की भावी पीढ़ी में रचनात्मकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया। हैदराबाद और सिकंदराबाद के स्कूली बच्चों ने तीन वर्गों मंई हिस्सा लिया-सब जूनियर (कक्षा 1 से 5), जूनियर (कक्षा 6 से 8), और सीनियर (कक्षा 9 से 12)।

एनएमडीसी India@75 के दौरान विभिन्न खेलों, अकादमिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उपक्रम एनएमडीसी ग्रेस कैंसर फाउंडेशन से भी जुड़ा है और 10 अक्टूबर 2021 को हैदराबाद में मैराथन का आयोजन करेगा।

कलेक्टर ने राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को किया नमन

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा एवं स्वर्गीय शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन एवं संदेश आज भी प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है। उनके आदर्शों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो का गायन किया गया। इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्ति के लिए संकल्प लिया। सभी ने राष्ट्र, राज्य, समाज, परिवार एवं स्वयं के हित में मादक द्रव्यों एवं पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ ली।

कांग्रेसियों ने मनाया बापू की जयंती

देवभोग/नवप्रदेश। ब्लॉक के कोने-कोने से कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी रेस्ट हाउस पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती मनाया। और राहुल गांधी के नेतृत्व में बापू के आदर्श भारत का निर्माण करने में सहभागिता निभाने के लिए संकल्प लिया।

कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात पदाधिकारियों ने बापू के संघर्ष को युवाओं के साथ साझा किया। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र माझी अजजा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी जनक राम ध्रुव जिला उपाध्यक्ष दुर्गा चरण अवस्थी सुखचंद्र बेसरा जिला महामंत्री अरुण मिश्रा युवा अध्यक्ष भविष्य प्रधान अरुण सोनवानी सूरज शर्मा परमेश्वर ध्रुव के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस बीच जनक राम ध्रुव ने कहा कि हिंसा का मार्ग छोड़ हमेशा साथ लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराया। उनकी मार्ग पर चलना वर्तमान में अति आवश्यक है। क्योंकि यह देश हमारा है इसका निर्माण युवाओं के कंधों पर है।

इसलिए सभी को साथ लेकर खुशहाल देश निर्माण करना पड़ेगा। तब कहीं जाकर आदर्श गांव से लेकर आदर्श देश का निर्माण किया जा सकता है। और इसके लिए युवाओं को आगे आना आवश्यक है।

बेहतर प्रबंधन एवं पारदर्शिता लाने सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत : सिंहदेव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में पेंड्री स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में स्वशासी समिति की बैठक आयोजित हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) से सामग्री आपूर्ति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जनहित में बेहतर प्रबंधन तथा पादर्शिता लाने के लिए एक सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत है। मांग के आधार पर उपकरणों, सामग्री एवं दवाई आपूर्ति की जाएगी। सीजीएमएससी तथा मेडिकल कॉलेज में सामग्री की उपलब्धता के संबंध में समन्वय की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए एक तकनीकी कमेटी का गठन भी किया जाएगा। प्रदेश के सभी 10 शासकीय मेडिकल कॉलेज में एक ही तरह की मशीन खरीदी की जानी चाहिए तथा व्यवस्था पारदर्शी एवं जवाबदेह होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान चिकित्सा विभाग ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी है। स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कोविड-19 की तीसरी लहर के दृष्टिगत सभी जिलों में ऑक्सीजन युक्त बेड बढ़ाए जा रहे हैं। राजनांदगांव जिले में ऑक्सीजन जनरेट प्लांट ऑक्सीजन की सप्लाई के लिए स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वशासी समिति की बैठक वर्ष में 2 बार होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्वशासी समिति वर्ष 2021-22 में मदवार प्रावधानिक बजट के संबंध में स्वीकृति प्रदान की।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला भाटापारा थाना क्षेत्र की है। थाना प्रभारी ग्रामीण रोशन राजपूत ने बताया कि 11 मार्च 2021 को ग्राम जांगड़ा निवासी आरोपी दीना निषाद पिता पंचराम गांव की एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर घर से भागा ले गया था। आरोपी उत्तर प्रदेश ले जाने के नाम पर भाटापारा स्टेशन से ट्रेन में बिठाया और पेंड्रा रेलवे स्टेशन में पानी लेकर आने की बात कह कर फरार हो गया था। इस दौरान आरोपी नाबालिग लड़की से शादी करने के नाम पर कई बाद शारीरिक संबंध बनाए। लड़की वापस किसी तरह घर लौटी। वहीं आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। लड़की ने हिम्मत कर यह बात अपने परिजनों को बतायी। जिसके बाद पीड़ित लड़की परिजनों के साथ थाने पहुंची। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

भाटापारा पुलिस ने अंचल के वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर आईके एलेसेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ग्रामीण थाना परिसर पर वरिष्ठ नागरिकों का थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने सम्मान कर उनकी दिनचर्या के बारे में चर्चा की।

ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने इस दौरान उन्हें उनके कानूनी अधिकार के बारे में जानकारी दी गई एवं माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के नियम से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि बुजुर्ग माता-पिता के भरण पोषण एवं उनके अधिकार से उनके पुत्र पुत्रियों के द्वारा उन्हें वंचित नहीं रखा जा सकता यह एक कानूनी अपराध है ऐसी समस्या आने पर वह कानून

का सहारा ले सकते हैं। थाना प्रभारी ने वरिष्ठ नागरिकों का समाज में योगदान एवं महत्व के संबंध में चर्चा कर एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में विधिक जानकारी देकर सह सम्मान वरिष्ठ नागरिकों को श्रीफल, साल एवं महिला नागरिकों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान काफी सीनियर सिटीजन उपस्थित थे।

महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं को स्वेच्छा अनुदान का वितरण किया गया

साजा/नवप्रदेश। साजा नगर पंचायत के वार्ड 3 के जरूरतमंद लोगों को कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा स्वेच्छा अनुदान राशि प्रदान किया गया। जिसका वितरण ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा व विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल के द्वारा किया गया।

नगर के वार्ड 3 के हितग्राहियों में मुख्य रूप से सिद्धि महिला स्वसहायता समूह, ममता साहू, संतोष सिंहा, निर्मला रात्रे, शिवबति बाई सहित विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों को व नगर के विभिन्न जरूरत मंद लोगों को स्वेच्छा अनुदान का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, अध्यक्ष जनभागीदारी परस सिन्हा, ईश्वरी निर्मलकर, अवधेश गोयल सभापति, युगेश्वर सोनी, पार्षदगण राजेश ठाकुर, पुष्पा सिंहा, संतोष यादव, नरेंद्र यादव, जोयती राठी,

खेमेश्वरी साहू पार्षद, एल्डरमैन बंटी जैन, रोहित वर्मा, शांता निर्मलकर, तोप सिंग राजपूत, विप्लव गौरहा विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, आशीष शर्मा, अंजोर यदु, ईश्वर वर्मा सरपंच सहित नगर के अन्य कांग्रेस कार्यकर्तागण व नगरवासी मौजूद थे।

नगर निगम में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। मेयर हेमा देशमुख की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। महापौर सहित पार्षदों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में संकल्प पत्र भरकर शपथ लिया गया। मेयर ने नशामुक्ति के संबंध में संकल्प पत्र भराकर अपने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन-मन-धन को सुदृढ़ बनाने,

पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्राचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिये प्रेरित करने उपस्थितजनों कां संकल्प दिलायी। मेयर ने कहा राष्ट्रपिता गांधी जी ने ब्रिटिश सरकार से देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अहिंसा के साथ सत्याग्रह आंदोलन कर अंग्रेजों से हमें आजादी दिलायी।

ग्राम-पंचायत धौराबंद में विकास कार्य का किया गया भूमिपूजन

कवर्धा। राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं क्षेत्रिय जनपद सदस्य प्रतिनिधी एवं जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर द्वारा कवर्धा जनपद अंतर्गत ग्राम-पंचायत धौराबंद में 1:50 लाख की राशि से निर्माण होने वाले नाली एवं 1:50 की राशि से निर्माण होने वाले निर्मला घाट विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया इस अवसर पर धौराबंद के वरिष्ठ एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष हरेन्द्र चन्द्राकर, सरपंच प्रतिनिधी रमेश बौध, किसान मोर्चा इंदौरी मंडल महामंत्री केवल चंद्राकर, उपसरपंच प्रफुल्ल पाल, एवन चंद्राकर, सुरेंद्र चंद्राकर, नीलकंठ साहू, चतुर बंजारे, संजय यादव, जेठू शिवारे, हेमंत दिवाकर, शिवदयाल यादव, हरदेव दिवाकर, अशोक जाटवर, परसोत्तम निषाद, मंतराम सोनवानी, अर्जुन पाल, पवन चतुर्वेदी, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण उपस्तिथ थे।

बकाया मासिक कर एवं त्रैमासिक कर के भुगतान में मिला छूट

कवर्धा। जिला परिवहन अधिकरी ने बस संचालकों और ट्रक मालिकों की बैठक ली। जिसमें पुराने बकाया टैक्स को ''एक मुश्त निपटान'' योजना से छूट के तहत जमा करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा 13 सितंबर को जारी अधिसूचना के तहत छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए ''कर, शास्ति, ब्याज'' की वसूली योग्य राशि में ''एक मुश्त निपटान'' व्यवस्था के अंतर्गत छूट प्रदान की गई है। इसके तहत त्रै-मासिक कर देय वाहनों में एक अप्रैल 2013 से 31 दिसम्बर 2018 तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट वाहनों में लंबित कर एवं अधिरोपित ब्याज देय होगा। मासिक कर देय वाहनों में एक अप्रैल 2013 से 31 दिसम्बर 2018 तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट वाहनों में लंबित कर एवं अधिरोपित ब्याज देय होगा। मासिक कर देय वाहनों (यात्री वाहनों) में व्हील बेस के कारण वाहना में कर, ब्याज एवं शास्ति अधिरोपित है तो लंबित कर एवं ब्याज देय होगा, किन्तु अधिरोपित शास्ति में ''एक मुश्त निपटान'' की निर्धारित अवधि तक पूर्णतः छूट दी जायेगी।

विश्व हृदय दिवस'' के अवसर पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

कवर्धा। स्व. सुधा देवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम के एस.एन.ए. यूनिट के द्वारा एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग विभाग द्वारा ''विश्व हृदय दिवस'' के अवसर पर 29 सितम्बर को किया गया। छात्राओं द्वारा हृदय मे होने वाली बीमारियों के कारण एवं बचाव के विषय मे जानकारी विभिन्न प्रकार के रचनात्मक पोस्टर के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्ष रही डॉ. भुनेश्वरी दास ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में आज विश्व मे हृदय रोगो के प्रति जागरूकता, इसके रोकथाम एवं प्रबंधन मे भौतिक अवसंरचना के साथ-साथ डिजिटल अवसंरचना का उपयोग वर्त्तमान समय की मांग है। इस संदर्भ में केन्द्र सरकार द्वारा 27 सितम्बर को पूरे देश मे प्रारंभ किये गये प्रधानमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य अभियान के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई। इस अभियान के स्तंभ यूनिक हेल्थ आईडी के महत्व को रेखांकित करते हुए नर्सिंग छात्राओं को इस अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र का अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

गरियाबंद। छग राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महेन्द्र चन्द्राकर एवं जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्षा स्मृति ठाकुर तथा जिला के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ईश्वर सिंह के द्वारा अतिथियों को केन्द्र के द्वारा संचालित विभिन्न इकाइयों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं केन्द्र के वैज्ञानिक मनीष आर्या एवं प्रवीण जामरे के द्वारा प्रक्षेत्र में ''जिंको राईस एमएस'' धान बीज उत्पादन, पशुपालन व मशरूम उत्पादन एवं कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने ली बैठक

गरियाबंद। छग राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कृषि विभाग के सभाकक्ष में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, संयुक्त संचालक रायपुर, उप संचालक कृषि जिला गरियाबंद एवं अन्य विभागीय अधिकारी पशुपालन विकास उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन, पंचायत विभाग, रेशम पालन विभाग, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता नोडल अधिकारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद एवं जिले के 04 प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान उप संचालक कृषि द्वारा गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, कृषि आदान व्यवस्था, खाद बीज एवं उर्वरक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पशु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि विषयों पर एमएस पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। ि

केंद्र की टीम ने महात्मा गांधी नरेगा के तहत हो रहे कार्यों को देखा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के निरीक्षण हेतु भारत सरकार द्वारा नियुक्त कल्याणी मिश्रा, आर्थिक सलाहकार, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं दिनेश कुमार उपसचिव व केके कटारे मुख्य अभियंता महात्मा गांधी नरेगा के द्वारा संयुक्त रूप से जिले में चल रहें निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। अपने दो दिवसीय प्रवास पर कबीरधाम में आए भारत सरकार के निरीक्षण दल द्वारा ग्राम पंचायत सारंगपुरकला विकासखण्ड बोड़ला में किये जा रहें कार्यो को देखा गया। महात्मा गाधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत निर्माण कार्यो से संबंधित सात प्रकार के रजिस्टर संधारण का निरीक्षण किया गया। सरपंच ग्राम पंचायत सारंगपुरलकला राधा चन्द्रवंशी से चर्चा करते हुए निर्माण कार्यो पर जानकारी ली गई। योजनांतर्गत जॉबकार्ड (आवेदन पंजीकरण एवं जारी) एवं परिवार रोजगार रिपोर्ट रजिस्टर, कार्यो की प्राथमिकता सूची का रजिस्टर एवं ग्राम सभा की बैठक व सामाजिक अंकेक्षण सभा की पंजी, काम की मांग, कार्यो का आबंटन एवं मजदूरी भुगतान की पंजी, कार्य रजिस्टर, स्थाई परिसम्पत्ति रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, सामग्री रजिस्टर का अवलोकन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में कराये गये विभिन्न नवाचार कार्यो का अवलोकन किया जिसमें महात्मा गांधी नरेगा योजना से आजीविका संवर्धन के गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाये गये वर्मी कम्पोस्ट टैंक, गौ पालन शेड, मुर्गी पालन शेड, बत्तख पालन शेड एवं कड़कनाथ व बटेर पालन शेड के कार्यो का निरीक्षण किया। कार्यो पर जानकारी देते हुए वरिष्ट वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा महिला स्व सहायता समूह को पोल्ट्री फार्म के व्यवसाय से जोड़कर आजीविका संवर्धन के लिए उपयुक्त कार्यों से प्रशिक्षण देने की बात कही गई जिसके परिणाम स्वरूप जिले के अलग-अलग पांच स्थानों में महिला समूह द्वारा पोल्ट्री फार्म के व्यवसाय से जुड़कर वेल अपना व्यवसाय करने की जानकारी दी गई। निरिक्षण के दौरान भारत सरकार की टीम ग्राम पंचायत सोनपुरी गुढ़ा जनपद पंचायत कवर्धा के निर्माण कार्यो का अवलोकन किया गया।

17 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला स्वास्थ्य समिति गरियाबंद के द्वारा 01 अक्टूबर को ''राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस '' के अवसर पर जिला चिकित्सालय गरियाबंद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले में रक्त संग्रह की सुविधा के लिए एवं जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु पात्र रक्तदाताओं द्वारा नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने पर जोर दिया जाना है। इस रक्तदान शिविर में कुल 17 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पालिटेक्नीक कॉलेज कर्मचारी, शिवम कॉलेज ऑफ नर्सिंग व आईटीआई के छात्रों एवं अन्य रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करते हुए शिविर को सार्थक बनाया गया।

सोमलाल को मिला वन अधिकार मान्यता पत्र

गरियाबंद। वन अधिकार पत्र मिलने से जिले के आदिवासी और विशेष पिछड़ी जनजाति कमार, भुंजिया वर्ग के वन अधिकार पत्र हितग्राही पूरे आत्मविश्वास व मालिकाना हक से खेती कर रहे है। अब तक जिले के 21 हजार 265 परिवारों को वन अधिकार पत्र प्राप्त शासन द्वारा प्रदान किया जा चुका है। जिले के संवेदनशील ग्राम दर्रीपारा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे ग्राम नवागांव के हितग्राही सोमलाल ध्रुव को यहां वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वे शासन से वन अधिकार पत्र से मिली जमीन 05 एकड़ में मालिकाना हक के साथ किसानी कर रहे है। उन्होंने बताया कि पहले चराई का डर था, साथ ही जमीन पर मालिकाना हक नहीं होने से डर कर खेती करते थे। आज स्थिति बदल गई है। अब हम पूरे हक के साथ खेती कर रहे है। अब उन्हें धान, खाद, बीज लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्हें इस शिविर में वन अधिकार पत्र मिलने से ये सब उनकी चिंता दूर हो गई है। वे बताते है कि लगभग 05 एकड़ काबिज जमीन पर उनके पूर्वज खेती करते आ रहे थे। वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें पट्टा मिला।

31 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छ भारत अभियान

कवर्धा। नेहरू युवा केन्द्र, छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में जिलें में स्वस्छ भारत 1 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद ने बताया कि जिलें के सरकारी, गैर सरकारी, शैक्षणिक संस्थाएं, धार्मिक संस्थाएं, यूथ क्लबों, और राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स भाग लेगें। जिसमें वालंटियर्स गांवों के घर-घर जाकर प्लास्टिक कचरा इक्कट्ठा करके लोगों को जागरूक करेगें।

पेंशन की समस्या को लेकर विधायक से मिले शिक्षक

खरोरा। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ तिल्दा के प्रतिनिधि मण्डल ने धरसींवा विधायक अनिता शर्मा से मिलकर पुरानी पेंशन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक को शिक्षकों ने बताया कि वे 1995-96 से लगातार शिक्षा विभाग में नियमित कर्मचारी के रूप कार्य कर रहे। वे पेंशन के हकदार है, लेकिन कई सेवानिवृत हो चुके तो कई की आसयमिक मृत्यु हो गई। परंतु उन्हें पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी का लाभ आज तक नहीं दिया मिला है। प्रदेश में ही 2004 से पूर्व नियुक्त अन्य विभाग के कर्मचारी जैसे जल संसाधन, वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी आदि कर्मचारियों को नियमित कर सेवानिवृत पश्चात पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। पर इन सब लाभ से उन्हें वंचित रखा गया है। विधायक ने उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

खरोरा। एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक खरोरा थाना अंतर्गत ग्राम कठीया के केदार पत्थर खदान के पास एक युवक की लाश बबूल पेड़ में फांसी पर लटक रही थी। ग्रामीणों ने देखा खरोरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को नीचे उतरवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान 35 वर्षीय ग्राम परसवानी निवासी रुखूराम निषाद पिता मेला राम निषाद के रूप में हुई। लाश का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

जिला भाजपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

कवर्धा। भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला की बैठक आयोजित की गई। कवर्धा के दोनों विधानसभा में बैठक रखी गई। कवर्धा विधानसभा में मुख्य वक्ता के रूप में लाभ चंद बाफना ना पूर्व विधायक व व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने मण्डल से बूथ स्तर में हुई जनहित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित हर एक योजनाओं की बात की और गरीबों तक लाभ पहुंचाने की बात की। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लोगों की घर छीनने की बात कहे या धान खरीदी, बोनस, बारदाना की राशि आज तक नहीं दिया गया। अनिल ठाकुर जिला भाजपा अध्यक्ष ने जिला और मण्डल की कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी सातों मंडलों से जानकाली और और आगामी 7 और 8 अक्टूबर को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन करने की बात कही।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दिल्ली में टिकी नजर, 30 ...

गर्म है। उठापटक के चलते छत्तीसगढ़ में कांग्रेस दो धड़े में बंट गया है, जिसमें एक मुख्यमंत्री का तो दूसरा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का। दिल्ली पहुंचने वाले सभी विधायक मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं। इन विधायकों का मानना है कि प्रदेश में कामकाज भूपेश बघेल के नेतृत्व में ही सुरक्षित है, अभी बदलव की कोई जरुरत नहीं है। वहीं सिंहदेव धड़ा आलाकमान से ढाई साल वाला वादा पूरा करने का दबाव बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक उनके समर्थक मंत्री और विधायक अपने पद से इस्तीफा देने की बात कह चुके हैं, लेकिन भूपेश बघेल अपनी कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। जिससे रस्साकसी बढ़ गई है। आलाकमान के लिए छत्तीसगढ़ का मामला अब पेचीदा बन चुका है। बता दें कि सितंबर महीने में ही छत्तीसगढ़ से कांग्रेस करीब 45 विधायक सहित अन्य नेता दिल्ली में आलाकमान से मुलाकात की थी। इस दौरान सभी ने एक स्वर से प्रदेश में मुख्यमंत्री न बदलने पर एक राय दी थी। वहीं राहुल गांधी ने भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री टीएस सिंहदेव से वन टू वन चर्चा की थी। राहुल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री भूपेश ने राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे की बात कही थी। राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ आने की चर्चा थी, इसके लिए प्रदेश कांग्रेस ने एक रोडमैप तैयार कर राहुल को प्रस्ताव भी भेजा था, लेकिन उनका दौरा अब तक तय नहीं हुआ है। ऐसे में वर्तमान में दिल्ली कूच करने वाले विधायक राहुल को निमंत्रण देने के लिए ही दिल्ली जाने की दुहाई दे रहे। दूसरी ओर विपक्ष इस मामले को लेकर चुटकी ले रही।

प्रदेश की सत्ता पर ...

सचिवालय खोला जाना चाहिए ताकि छत्तीसगढ़ के मंत्री एवं विधायकों से अपने क्षेत्र की तथाकथित रूप से सेवा कर सकें। आजकल माननीय लोगों की दिल्ली में खूब परेड हो रही है।

जो नहीं मानते थे, वे भी...

पर बीजेपी विधायकों के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। वे गांधी की हत्या करने वालों को गांधी जी को मन से नहीं मान रहे। उक्त बातें सीएम भूपेश बघेल ने बेमेतरा रवाना होने से पहले पुलिस लाइन में मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

कोरोना से जंग में ...

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया था कि आज पिछले 24 घंटे में 69 लाख 33 हजार 838 टीके लगाये गये। प्रतिदिन औसतन 60 लाख टीके लगाये जा रहे हैं।

जवानों से भरी बस...

कार्यक्रम के लिए मांगा गया था। इसके लिए मुंगेली से ही 4 प्राइवेट बसें भेजी गईं। इनमें से 2 बसें कल रात को करीब 70-80 जवानों को लेकर लौट गईं। दो बसें शनिवार सुबह जवानों को लेकर जा रही थीं। इनमें जो बस पीछे थी वह अनियंत्रित होकर पलटी।

दो ज्वेलरी शॉप और...

ऊपर ही रहते हैं। उन्हें चोरी का पता शनिवार की सुबह चला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्र के सदर बाजार में प्रवीण संकेलचा की प्रवीण ज्वैलर्स और मिस्टर संकलेचा की संकलेचा ज्वैलर्स के नाम से शॉप है। दोनों दुकानें अगल-बगल हैं। उनके संचालक परिवार सहित दुकान के ऊपर बने मकान में रहते हैं। दोनो ज्वेलर्स रिश्तेदार हैं। संकलेचा के परिवार के लोग सुबह सोकर उठे तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखे करीब 35 लाख के गहने गायब हैं। चोरी का पता चलने पर घर में देखा तो सब ठीक था, लेकिन दुकान में घुसे तो देखा कि शोकेस में रखे सारे सोने के गहने गायब थे। चोरों ने चांदी के गहनों को छुआ तक नहीं। बताया जा रहा है कि दुकान से करीब 600 ग्राम सोने के गहने और 5 लाख रुपए से ज्यादा कैश गायब है। चोरी गए माल की कीमत करीब 60 से 70 लाख रुपए बताई जा रही है।

धान पर घमासान : करनाल...

आवास के बाहर बैरिकेड्स तोड़े तो पुलिस ने उन्हें काबू करने के लिए पानी की बौछारों का सहारा लिया. किसानों का कहना है जब तक सरकार धान की खरीद नहीं करती विरोध प्रदर्शन और धरना जारी रहेगा.

देवकर, भिंभौरी को तहसील...

काम सरकार और बड़े उद्योगपति किया करते थे। अब हमारे राज्य में गांव के ग्रामीण टेटकू, बैशाखू, सुखमती, सुकवारा भी बिजली बनाएंगे और बेचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर खरीदी का मजाक उड़ाने वाले लोग अब इसकी महत्ता को देख लें। कार्यक्रम में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे, बेमेतरा के विधायक आशीष छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

503 करोड़ के कार्यो का ....

और नांदघाट में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। वहीं दाढ़ी को नगर पंचायत बनाने तथा एवं वहां उप कोषालय खोलने, नवागढ़ में भी उप कोषालय तथा कन्या पोस्ट मेट्रिक छात्रावास प्रारंभ करने, साजा के एग्रीकल्चर कॉलेज का नामकरण स्वर्गीय कुमारी देवी चौबे के नाम करने, बेमेतरा के कृषि महाविद्यालय का नामकरण पूर्व विधायक स्वर्गीय डॉ. चेतन वर्मा के नाम किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बेमेतरा में ऑडिटोरियम का निर्माण तथा बेमेतरा नगर पालिका को एक करोड़ तथा जिले के नगर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 50-50 लाख रूपए देने का एलान किया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

Email ID-ee-dhamtari@nic.in Fax No. 07722-235519

क्रमांक 4749/NIT-17/2021-2022/व.ले.लि. — दिनांक 28/09/2021

// निविदा आमंत्रण सूचना //

प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 12/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 21/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 22/10/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
17 T0112	धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत मुख्यालय उपखंड क्रमांक 1 आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य 2021-22 प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
17 T0113	सिविल लाइन लोक निर्माण विभाग कालोनी धमतरी में (कंटिनजेंसी) आरसीसी नाली निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	19.95 15000.00 300000.00

1. प्रत्येक कार्यो का निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00
2. प्रत्येक कार्यो का निविदा प्रपत्र की श्रेणी ई पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक।

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखा जा सकता है।

जी-64164/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. वर्ष....
ग्राम मुढ़ीपार प.ह.नं. 02
रा.नि.मं. सांकरा/ पिथौरा तह. पिथौरा
जिला महासमुंद

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम मुढ़ीपारा के आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेकलाल पटेल पिता भुपदेवसिंह जाति अघरिया साकिन मुढ़ीपारा रा.नि.मं. सांकरा/ पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने माता पदुम बाई के दिनांक 15/4/1962 को मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22/10/2021 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर/ दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/21 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार
पिथौरा

न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. वर्ष....
ग्राम मुढ़ीपार प.ह.नं. 02
रा.नि.मं. सांकरा/ पिथौरा तह. पिथौरा
जिला महासमुंद

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम मुढ़ीपारा के आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेकलाल पटेल पिता भुपदेवसिंह जाति अघरिया साकिन मुढ़ीपारा रा.नि.मं. सांकरा/ पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने माता हेमकुंवर के दिनांक 01/12/1973 को मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22/10/2021 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर/ दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/21 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार
पिथौरा

केनरा बैंक Canara Bank — केपीएस, भिलाई शाखा (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

[illegible]

क्र. सं.	ऋणी/शाखा का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	मेसर्स विजय सब्जी भण्डार प्रोप. रेणु देवी साव पति- विजय साव शाखा- भिलाई (छ.ग.)	मालिक- श्रीमती रेणु देवी साव पति- विजय कुमार साव, क्षेत्र ग्राम- कोहका, राम नगर, वार्ड नं. 11/12 के अंदर, कोहका वार्ड, पीसी- 14, खसरा नं. 8845/3, भिलाई, तहसील व जिला छ.ग., क्षेत्रफल- 0.040 हेक्टेयर/4350 वर्गफिट/404.27 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भवन व भूमि। चौहद्दी: दक्षिण की ओर- 3 फिट गली के बाद [illegible] एवं [illegible] का मकान, उत्तर की ओर- 15 फिट सड़क, पश्चिम की ओर- [illegible] का मकान, पूर्व की ओर- [illegible] का मकान।	₹ 32,52,495/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	20.04.2021 / 01.10.2021

दिनांक : 03.09.2021, स्थान: भिलाई (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
142/83683	S/R, Mow, Deposit & Other Works of Residential/Non Residential Building Pension Bada Section No.3 Under Maintenance Sub-Division raipur (C.G.)	रु. 50.00 लाख
150/83684	Ordinary Maintenance of Residential And No Residential Building Under Sub Div. Tilda	रु. 42.11 लाख
123/83685	Ordinary Maintenance Work At Various Building Under Dub Division Abhanpur	रु. 25.00 लाख
144/83686	B.T. Patch Repair Work on Abhanpur-Parsulidih-Tarighat Road, Torla-Kathiya-Abhanpur Road, Nawapara-Chhantha-Kathiya Road Karhauli-Kurra-Solesilli-Jamgaon Road, Dadajhori-Manikchauri Road, Dongitarai-Chipridih-Patewa-Pipraud-Umarpoti-Sunderkera Road, Kendri-Singarbhatha-Chhachhanpairy Road, Parsulidhih- lamkeni-Dodara Road, Abhanpur-Lolar-Tekari Road, Sarkhi-Belar sabada Road, Nawapara-Bus Stand to Nehru Ghat 4 Lan, Sonesilli-Chhantha Road, Jawaibandha-khola Road, Jawaibandha Road, Lakhna-Champaran Road, Nawagoan-Jandi Road Jamgoan To Khola Road, Koliyari-Ghot Road, Satpara Road, Abhanpur-Basti Road, Rarri-Patewa Road, Urla-Pacheda Road, Abhanpur-Biroda Road, Girola-Pacheda Road,chandi-Belar-Sarbada Road, Khilora Saloni Road, Chandi-Aamner Road, Khilora-Chhachhanpairy Road Aamdi-Ravedi-Aamner Road, Chhota Urla Road, Mohndi-Khursenga Road, Kopedih-Link Road, Jhanki-Baktara-Biroda-Saloni Road, Roads Under Abhanpur Sub Division For The Tear 2021-22	रु. 80.00 लाख
151/83687	S/R, Mow, Drposit And Other Work Of Various Roads Under Survey Sub-Division, Raipur (C.G.)	रु. 46.37 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 19.10.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-64143/2

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

मा. गुरू रूद्र कुमार जी
प्रभारी मंत्री जिला मुंगेली
छत्तीसगढ के किसान मजदूर
अंतिम छोर तक के व्यक्ति के
हितचिंतक मसीहा
मुख्यमंत्री मा. श्री भपूेश बघेली जी
श्रीमती लेखनी सोनू चन्द्राकर
अध्यक्ष, जिला पंचायत मुंगेली
के मुंगेली आगमन पर स्वागत अभिनंदन...
संजीत बनर्जी जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली
वशीउल्ला खान
सभापति जि.पं. मुंगेली
अशोक चन्द्राकर
पूर्व जनपद सदस्य
लोरमी
शत्रुहन सोनू चन्द्राकर जी
छाया विधायक लोरमी,
पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचयात मुंगेली
रमेश यादव
पूर्व सभापति जि.पं. मुंगेली
अरविंद वैष्णव
वरिष्ठ पार्षद
संजय जायसवाल
पूर्व पार्षद
शेखर बनर्जी
एजाज खोखर
सयुक्त सचिव जिला कांग्रेस
कलीम तंवर
सचिव जिला कांग्रेस कमेटी
लक्ष्मीकांत भारकर
सुरेन्द्र पाल
कन्हैया ठाकुर
विनीत - मुंगेली, लोरमी विधानसभा के समस्त कार्यकर्त्ता
संकलन - जिला प्रतिनिधि नवप्रदेश मुंगेली सुशील शुक्ला

वनोपज से वन आश्रितों के जीवन में बहार... आदिवासियों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार

बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के

छत्तीसगढ़ शासन

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ मर्यादित, भारत सरकार नई दिल्ली (ट्रायफेड) द्वारा वन धन योजना एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किये जा रहे कार्यों को विभिन्न वर्गों में 10 राष्ट्रीय पुरस्कारों तथा 12 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को 15 राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है।

भारत सरकार ने दिए 25 पुरस्कार

छत्तीसगढ़	अन्य राज्य
लघु वनोपजों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना	
52 प्रकार	महाराष्ट्र-द्वितीय 21 प्रकार
भारत शासन की राशि से अधिकतम मूल्य का लघु वनोपज क्रय हेतु पुरस्कार	
प्रथम- 180.51 करोड़ रु.	आंध्रप्रदेश-द्वितीय-4.51 करोड़ रु.
भारत शासन एवं राज्य शासन की राशि से अधिकतम मूल्य का लघु वनोपज क्रय हेतु पुरस्कार	
प्रथम- 1173 करोड़ रु.	उड़ीसा-द्वितीय-30.32 करोड़ रु.
उपलब्ध करायी गयी राशि की वर्ष 2021-21 तक अधिकतम उपयोगिता हेतु पुरस्कार	
प्रथम- करोड़ 127.09 रु.	उड़ीसा-द्वितीय-30.32 करोड़ रु.
मूल्य-संवर्धन हेतु अधिकतम उत्पादों के निर्माण हेतु पुरस्कार	
प्रथम-121 उत्पाद	महाराष्ट्र-द्वितीय-120 उत्पाद
मूल्य संवर्धन कर उत्पादों के अधिकतम विक्रय हेतु परस्कार	
प्रथम-4.24 करोड़ रु.	मणिपुर-द्वितीय 1.98 करोड़ रु.

अधिकतम सर्वेक्षण पूर्ण करने हेतु पुरस्कार

वन धन विकास केंद्र कलस्टरों में अधिकतम प्रशिक्षण हेतु पुरस्कार

महुआ सेनेटाइजर, इमली चस्का जैसे उत्पादों को प्रथम पुरस्कार

12 वन धन केन्द्रों को 15 पुरस्कार



श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

संवाद - 28976